सर्व शिक्षा अभियान

जनपद – शाहजहाँपुर
दीर्घावधि कार्य – योजना

वर्ष 2002-2007

एवं

वार्षिक बजट

वर्ष 2003-2004

अनुक्रमणिका

अध्याय सं0	विषय	पृष्ठ सं0
1.	जनपद की पृष्ठभूमि	1-9
2.	जनपद का शैक्षिक परिदृश्य	10-21
3.	नियोजन प्रक्रिया	22-59
4.	अभियान के उद्देश्य एंवं लक्ष्य	60-69
5.	समस्याएँ एवं रणनीति	70-78
6.	शिक्षा की पहुँच का विस्तार – I	79-89
7.	शिक्षा की पहुँच का विस्तार – II	90-99
8.	ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम	100-121
9.	गुणवत्ता सम्वर्धन	122-151
10.	क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण	152-166
11.	प्रोजेक्ट कास्ट	167-171
12.	समरी ऑफ प्रोजेक्ट कास्ट – I	172-173
13.	समरी ऑफ प्रोजेक्ट कास्ट – II	174

अध्याय – 1

जनपद शाहजहाँपुर की पृष्ठभूमि

जनपद शाहजहाँपुर रूहेलखण्ड मण्डल के दक्षिण पूर्व कोने पर स्थित है। इस जनपद की स्थापना 1813 ई० में हुई थी। इससे पूर्व यह बरेली जनपद का ही एक अंग था। यह जनपद 27.35 डिग्री व 28.28 डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 79.37 डिग्री व 80.23 डिग्री पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जनपद की सीमायें पूर्व में लखीमपुर खीरी, दक्षिण में हरदोई व फर्रुखाबाद, पश्चिम में बरेली व बदायूँ तथा उत्तर में पीलीभीत जनपदों से मिलती है। इस जनपद का भौगोलिक क्षेत्रफल 4575 वर्ग किमी० है।

यह एक कृषि प्रधान जिला है। जनपद का धरातल जगह–जगह पर ऊँचा एवं नीचा है। जनपद के उत्तर में स्थित पुवायाँ तहसील के पूर्वी उत्तरी भाग पीलीभीत व नैनीताल के तराई भागों के समान है तथा कुछ क्षेत्र में जंगल विद्यमान है। इस जनपद की मुख्य नदियाँ राम गंगा,गर्रा और गोमती है। गोमती इस जनपद में पुवायाँ तहसील के उत्तरी भाग में बहती हुई लखीमपुर जनपद में जाती है। इसकी मुख्य सहायक नदियाँ कठना, झुकमा और मैसी है। गर्रा इस जनपद की महत्व पूर्ण नदी है। इसकी सहायक नदी खन्नौत,सुकेता,काई आदि हैं। गंगा व राम गंगा नदियाँ जनपद के दक्षिणी भाग बहती हुई शाहजहाँपुर, बदायूँ,फर्रुखाबाद जनपदों की सीमायें बनाती है। जलालाबाद तहसील का अधिकांश भाग राम गंगा, गंगा, बहगुल की तलहटी का इलाका है। वर्षा ऋतु में बाढ़ के प्रकोप से यह क्षेत्र प्रभावित होता है।

जनपद 4 तहसीलों शाहजहाँपुर, पुवायाँ, तिलहर तथा जलालाबाद में विभाजित है। यहाँ तीन नगर पालिकायें शाहजहाँपुर, तिलहर, जलालाबाद तथा 7 क्षेत्र पंचायतें रोजा, कौंट, अल्लाहगंज, पुवायाँ, खुटार, खुदागंज, कटरा है। जनपद 14 विकास खण्डों भावलखेड़ा, ददरौल, कौंट, जलालाबाद, कलान, मिर्जापुर, पुवायाँ, सिंधौली, बण्डा, खुटार, तिलहर, कटरा–खुदागंज, जैतीपुर, निगोही में विभाजित है। जनपद में कुल 2130 आबाद ग्राम है तथा 957 ग्राम सभायें एवं 126 न्याय पंचायतें है।

शाहजहाँपुर नगर को जहाँगीर की फौज के एक सिपाही श्री दरिया खाँ के पुत्र दिलेर खाँ तथा बहादुर खाँ ने बसाया था। यह दोनों भाई शाहजहाँ के काल में ऊँचे पदों पर नियुक्त थे तथा दिलेर खाँ की सेवाओं से प्रसन्न होकर शाहजहाँ ने उसे 14 गाँव इनाम में देने के साथ एक किले के निर्माण की स्वीकृति दी थी। श्री दिलेर खाँ ने गर्रा,खन्नौत नदियों के संगम पर स्थित नैनारखेड़ा ग्राम में स्थित गूजरों के गढ़ पर किले का निर्माण किया तथा 52 पठान जनजातियों को लाकर नगर बसाया। आज भी उन जन जातियों के नाम से नगर में अलग अलग मोहल्ले

है। शाहजहाँपुर नगर की ही भाँति मुगल सम्राट अकबर के समय में तिलहर नगर की स्थापना त्रिलोक चन्द्र नामक राजपूत ने की थी। यह जनपद का सबसे पुराना कस्बा है। उस समय यह नगर तीर कमान का नगर कहलाता था क्योंकि सैनिको के तीर कमान का नगर होती थी। तिलहर के पास ग्राम मसूर पुर में हाफिज रहमत अली खान नवाब रूहिल के नाजिम श्री मंगल खान ने एक किले की स्थापना की थी जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय तक श्री मंगल खान के परिवार के कब्जे में रहा था तथा बाद में ब्रिटिश सरकार ने इस पर कब्जा कर तहसील तथा थाने की स्थापना कर दी थी।

जनपद शाहजहाँपुर कृषि आधारित अर्थ व्यवस्था वाला क्षेत्र है। इस जनपद की तहसील पुवायाँ अन्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस तहसील में अधिकांशतः सिख समुदाय के व्यक्ति निवास करते हैं। 1947 में भारत पाक विभाजन के समय पाकिस्तान से पलायन कर आये बहुत सारे व्यक्तियों ने इस जनपद में व मुख्यतः पुवायाँ तहसील में शरण ली। इन लोगों ने अथक परिश्रम के बल पर न केवल आर्थिक उन्नति की वरन् जनपद की कृषि अर्थ व्यवस्था में बहुमूल्य योगदान किया। इस तहसील का अधिकांश क्षेत्र तहराई भू–भाग में आता है।

जनपद शाहजहाँपुर की जनसंख्या में वर्ष 1991 के सापेक्ष वर्ष 2001 में लगभग 2.5 प्रतिशत वार्षिक की दर से वृद्धि हुई है। 6 से 11 वय वर्ग एवं 11 से 14 आयु वर्ग के बालकों में भी इसी प्रकार बढ़ोत्तरी हुई है। विकास खण्ड वार जनसंख्या विवरण एवं साक्षरता विवरण निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट समझा जा सकता है। इस तालिका के अनुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में 903270 पुरूष तथा 736849 महिलायें कुल 1640119 व्यक्ति निवास करते हैं। इन व्यक्तियों में पुरूषों की साक्षरता दर 59.18 प्रतिशत तथा महिलाओं की साक्षरता दर 32.41 प्रतिशत रही है। ग्रामीण क्षेत्र की समग्र साक्षरता दर 47.16 प्रतिशत है। इसी प्रकार जनपद के नगरीय क्षेत्र में पुरूषों की संख्या 1131927 तथा महिलाओं की संख्या 2072818 है। नगर क्षेत्र में पुरूषों की साक्षरता दर 60.52 तथा महिलाओं की साक्षरता दर 34.60 प्रतिशत है। नगर क्षेत्र में कुल साक्षरता दर 48.79 प्रतिशत है।

जनपद के वीर सपूत

शाहजहाँपुर की धरती ने जहाँ अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ तथा ठाकुर रोशन सिंह जैसे सेनानी दिये जिन्होंने देश की स्वतन्त्रता के लिए अपने आपको बलिदान कर दिया वहीं इस वीर प्रसूता भूमि पर ऐसे वीर भी पैदा हुए जिन्होंने देश की अखण्डता व स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए रण स्थल पर अपने आप को बलिदान कर दिया तथा सेना के सर्वोच्च पदक प्राप्त किये। इस सूची में अदम्य शौर्य और आत्म बलिदान के कारण खजुरिया ग्राम में जन्में नायक जदुनाथ सिंह का नाम सर्वोपरि है। नायक जदुनाथ सिंह को 1948 के युद्ध में वीरता पूर्ण

कृत्य के लिए देश का उच्चतम शौर्य पदक परम् वीर चक्र प्रदान किया गया। इसी युद्ध में पुवायाँ तहसील के ग्राम भुड़याँ बदुलिया के निवासी व सिख रेजीमेन्ट के मेजर सरदार सिंह को वीरता दिखाने के कारण वीर चक्र प्रदान किया गया। देश की अखण्डा की रक्षा करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले तथा मरणोपरान्त महावीर चक्र पाने वाले तीसरे योद्धा हैं ग्राम नौगवाँ तहसील जलालाबाद निवासी लांस नायक दिगपाल सिंह राठौर। श्री राठौर 1971 में भारत पाक युद्ध के समय शहीद हुए थे। भारत चीन युद्ध के समय कैप्टन कन्हैया लाल शुक्ल तथा अभी कारगिल युद्ध में सिपाही रमेश चन्द्र ने अपने प्राणों की आहुति देकर वीर प्रसूता शाहजहाँपुर की धरती को गौरव प्रदान किया।

कला एवं साहित्य

जनपद शाहजहाँपुर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न रहा है, इस जनपद ने हिन्दी एवं उर्दू के अनेक लेखक कवि व शायर दिये हैं। तुलसी के समकालीन महाकवि चन्दन राय पुवायाँ के रहने वाले थे। पुवायाँ के अन्य श्रेष्ठ कवियों में राजा फतेह सिंह वर्मा, सुरेन्द्र पाल सिंह, अजय शर्मा, गंगाधर गंग, रामाधर मिश्र, शिव कुमार पाण्डेय तथा बद्री प्रसाद गुप्त प्रमुख हैं। अठारहवीं शताब्दी में नवाब मोहब्बत खाँ ने " अखबार–ऐ–मोहब्बत " से भारत इतिहास लिखा। जबकि उन्नीसवीं शताब्दी में इस जनपद ने हिन्दी एवं उर्दू के अनेक नाटककार, कहानीकार तथा आलोचक व शोधकर्ता दिये हैं जिन्होंने शाहजहाँपुर जनपद का नाम साहित्य के क्षेत्र में अमर कर दिया है।

संगीत

इस जनपद ने संगीत के क्षेत्र में भी अच्छे कलाकार दिये हैं। सरोद वादन में गुलाम अली खाँ सरोदी, अब्दुल अजीज खाँ, याकूब अली खाँ, सितार वादन में सखावत खाँ, जानकी प्रसाद सक्सेना, उमर खाँ, शराफत अली खाँ, तबला वादकों में पंड़ित रामस्वरूप, शहामत अली खाँ, सिराजुद्दीन, रियासत अली, सलामत उल्ला खाँ, हारमोनियम में नजरू, मासूम अली, श्याम बिहारी एडवोकेट, शहनाई में हबीबुल्ला, सारंगी में फैजबख्श, हफदा हुसैन, आशिक हुसैन, जैजे राम तथा बन्ने खाँ के नाम आसमान से शिष्य भारते हैं। सुप्रसिद्ध एडवोकेट पंडित विश्वम्भर लाल पाठक तथा उनके पुत्र श्री हरि कुमार पाठक दोनों ही कला प्रेमी थे। एक ओर पिता जहाँ बेजोड़ इसराज वादक थे वहीं पुत्र ने बैजों,तबला तथा बांसुरी में प्रवीणता प्राप्त की थी। कव्वाली के क्षेत्र में भी कन्धई व उनके पुत्र मुरली तथा ख्याल गोई में श्री लल्ला महाराज ने भी राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है।

रंगमंच

रंगमंच के प्रति इस जनपद की प्रतिभायें प्रायः जागरूक रहीं हैं। कुछ दशकों पूर्व 'हनुमान परिषद नाट्य संस्था' तथा 'रामा शंकर नाट्य परिषद' ने प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया तथा इस क्षेत्र में डा. जयनारायन, भाई दयाल तिवारी, रामनारायण, दयाशंकर मिश्र, सुरेन्द्र नाथ, जगदीश सक्सेना तथा गोपाली बाबू 'चोंच' सक्रिय रूप से योगदान देते रहे। वर्तमान समय में इस क्षेत्र में नवरंग ड्रामाटिक क्लब काफी सक्रिय है। नाटकों के वर्तमान स्वरूप को अभिव्यक्ति

रूप में प्रस्तुत करने,विभिन्न भाषाओं के चर्चित नाटकों को मंचित कर और नगर की प्रतिभाओं को खोजकर मंच पर प्रस्तुत करने की दशा में 'अनामिका' ने क्रान्तिकारी भूमिका अदा की है।

जनपद की जनसंख्या वृद्धि

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या 1862261 थी जिसमें से पुरूषों की संख्या 1020879 तथा महिलाओं की संख्या 841302 थी। वर्ष 2001 में जनपद की कुल जनसंख्या 2072018 हो गयी है। जिसमें पुरूषों की संख्या 1131027 तथ महिलाओं की संख्या 940891 है। वर्ष 1991 में जनपद की कुल जनसंख्या के सापेक्ष वर्ष 2001 में जनसंख्या वृद्धि का विकास खण्डवार तुलनात्मक विवरण दिया जा रहा है। वर्ष 1991 तथा वर्ष 2001 की विकास खण्डवार प्रस्तुत तालिकाओं से जनसंख्या वृद्धि तथा साक्षरता दर से जनपद की शैक्षिक उपलब्धियों का आंकलन किया जा सकता है :–

विकास खण्डवार जनसंख्या सारिणी (1991 की जनगणना के अनुसार)

विकास खण्ड का नाम	कुल	पुरूष	महिला
1. भावल खेड़ा	136599	74487	62112
2. ददरौल	115022	63879	51143
3. काँट	111524	61936	49588
4. जलालाबाद	146733	82099	64634
5. मिर्जापुर	95718	53607	42111
[illegible]	104682	54740	49942
7. तिलहर	98551	54685	[illegible]
8. कटरा–खुदागंज	77151	42748	34403
9. जैतीपुर	106618	60701	45917
10. निगोही	104510	57881	[illegible]
11. पुवायाँ	106023	57870	[illegible]
12. सिंधौली	114799	63497	[illegible]
13. बण्डा	140522	77262	[illegible]
14. खुटार	119587	65451	[illegible]
15. नगर क्षेत्र तिलहर	42879	[illegible]	[illegible]
16. नगर क्षेत्र शाहजहाँपुर	241343	127372	[illegible]
योग	1862261	1020879	[illegible]

उपर्युक्त तालिका में विकास खण्डवार जनसंख्या का प्रस्तुतीकरण किया गया है। इस तालिका से स्पष्ट है कि विकास खण्ड जलालाबाद सबसे अधिक जनसंख्या वाला क्षेत्र हैं। जबकि विकास खण्ड कटरा खुदागंज सबसे कम जनसंख्या वाला विकास खण्ड है। विकास खण्ड कटरा–खुदागंज की साक्षरता दर सबसे अधिक तथा विकास खण्ड ददरौल की साक्षरता दर सबसे कम है जिसे तालिका से समझा जा सकता है :–

विकास खण्डवार साक्षरता दर सारिणी (1991 की जनगणना के अनुसार)

विकास खण्ड का नाम	कुल	पुरूष	महिला
1. भावल खेड़ा	27.71	39.04	13.45
2. ददरौल	21.87	32.73	7.98
3. कॉंट	29.62	42.03	13.38
4. जलालाबाद	25.58	36.57	10.76
5. मिर्जापुर	25.51	36.73	10.48
6. कलान	22.37	31.93	8.96
7. तिलहर	28.31	41.33	11.68
8. कटरा–खुदागंज	32.21	45.98	14.39
9. जैतीपुर	23.87	34.57	9.05
10. निगोही	25.69	37 56	10.27
11. पुवायाँ	31.80	42.27	17.54
12. सिंधौली	25.03	38.90	9.98
13. बण्डा	29.73	40.96	15.79
14. खुटार	30.48	41.25	16.77
15. नगर क्षेत्र तिलहर	33.80	40.63	26.18
16. नगर क्षेत्र शाहजहाँपुर	46.18	51.49	40.24
योग	27.18	40.18	14.18

इस तालिका से स्पष्ट है कि विकास खण्ड कटरा–खुदागंज की साक्षरता दर सबसे अधिक तथा विकास खण्ड ददरौल की साक्षरता दर सबसे कम है। जनपद की कुल साक्षरता दर में वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार अभूतपूर्व वृद्धि रिकार्ड की गई है। यह वृद्धि दर अगले पृष्ठ पर वर्ष 2001 की जनसंख्या तथा साक्षरता दर तालिका को देखकर स्पष्ट समझी जा सकती है। वर्ष 1991 की कुल साक्षरता दर 27.18 प्रतिशत के सापेक्ष वर्ष 2001 की कुल साक्षरता दर 48.79 प्रतिशत है [illegible] पुरूषों की साक्षरता दर वर्ष 1991 की 40.18 प्रतिशत के सापेक्ष 60.52 तथा महिलाओं की साक्षरता दर 14.18 के सापेक्ष वर्ष 2001 में 34.68 प्रतिशत है।

ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या सारिणी
(2001 की जनगणना के अनुसार)

विकास खण्ड का नाम	जनसंख्या कुल	जनसंख्या पुरूष	जनसंख्या महिला	साक्षरता कुल	साक्षरता पुरूष	साक्षरता महिला
1. बण्डा	175017	93918	81099	56.12	67.67	42.50
2. खुटार	156972	83734	73138	53.99	66.15	39.74
3. पुवायाँ	127448	68690	58758	55.62	67.21	41.83
4. सिंधौली	141037	76146	64891	45.61	58.32	30.36
5. खुदागंज	115077	62956	52121	50.24	62.65	34.77
6. जैतीपुर	128283	71911	56372	40.16	51.56	25.08
7. तिलहर	129170	70022	69148	49.35	63.06	32.84
8. निगोही	135041	73348	61693	44.48	56.97	29.31
9. कॉट	143100	78540	64560	49.79	62.04	34.53
10. ददरौल	147607	79920	67687	44.51	57.01	29.40
11. भावलखेड़ा	192488	104043	88445	43.80	55.58	29.81
12. कलान	129296	72119	57177	37.39	48.38	23.04
13. मिर्जापुर	116203	64280	51923	44.77	51.24	26.25
14 जलालाबाद	185925	102978	82947	43.65	55.28	28.80
योग	2022664	1102705	919959	47.16	59.18	32.41

नगर क्षेत्र की जनसंख्या सारिणी

विकास खण्ड का नाम	जनसंख्या कुल	जनसंख्या पुरूष	जनसंख्या महिला	साक्षरता कुल	साक्षरता पुरूष	साक्षरता महिला
1. खुदागंज	11844	6227	5517	57.71	66.69	47.24
2. कटरा	26371	13908	12463	45.84	54.42	36.19
3. तिलहर	52909	27667	25242	49.99	56.55	42.72
4. खुटार	14219	7480	6739	61.77	72.79	49.33
5. पुवायाँ	23417	12574	10843	66.43	71.04	60.98
6. रौजा	10499	5669	4830	78.84	87.97	68.98
7. शाहजहाँपुर	302663	165316	137347	52.85	65.71	38.77
8. कॉट	21301	11280	10021	37.89	45.57	29.04
9. जलालाबाद	31112	16513	14599	60.94	69.85	50.86
10. [illegible]	11956	6391	5565	61.82	73.27	48.72
11. छावनी परिषद	20503	11594	8909	80.82	88.84	[illegible]
योग	526794	284719	242075	54.98	65.80	42.85

समग्र जनपद की जनसंख्या एवं साक्षरता

	कुल	पुरूष	महिला	साक्षरता कुल	साक्षरता पुरूष	साक्षरता महिला
महायोग	2549458	1387424	1162034	48.79	60.52	34.68

उपर्युक्त आंकड़ों से स्पष्ट हो जाता है कि जनपद शाहजहाँपुर में यदि जनसंख्या में वृद्धि हुई है तो उसके सापेक्ष साक्षरता दर में भी वृद्धि हुई है। जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम तथा सम्पूर्ण साक्षरता अभियान के कारण बच्चों की शिक्षा के साथ–साथ प्रौढ़ व्यक्तियों की साक्षरता स्थिति में भी सुधार हुआ है। इन कार्यक्रमों के द्वारा वर्ष 1991 में साक्षरता दर के हिसाब से सबसे कम साक्षरता दर वाला विकास खण्ड ददरौल अब सातवें स्थान पर है तथा इस विकास खण्ड में अभूतपूर्व साक्षरता वृद्धि अंकित की गई है किन्तु नगर क्षेत्र के समीप स्थिति होने के कारण इस विकास खण्ड में शैक्षिक सुधार के पर्याप्त प्रयास करने की आवश्यकता है।

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम वर्ष 1997 से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महत्वपूर्ण शैक्षिक उपलब्धियाँ अर्जित की गई हैं तथा समग्र जनपद में प्राथमिक शिक्षा के प्रति व्यापक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया गया है। जनपद के 95 प्रतिशत विद्यालयो में शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था की जा चुकी है। 437 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की गई है तथा विद्यालय अवस्थापना सुविधायें भी उपलब्ध करा दी गई हैं। इन सब प्रयासों के कारण 6–11 वय वर्ग के लगभग 94 प्रतिशत बच्चों के नामांकन में सफलता प्राप्त की गई है किन्तु कक्षा 1 में नामांकित सभी बच्चे कक्षा 5 की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल नहीं हो पाते हैं। 40 प्रतिशत बच्चे सामाजिक एवं आर्थिक कारणों से शाला त्याग कर जाते हैं। शेष 60 प्रतिशत बच्चों में से अधिकांश पूर्व माध्यमिक शिक्षा की सुलभता न होने के कारण या तो कक्षा 6 में प्रवेश नहीं ले पाते हैं अथवा ड्राप आउट कर जाते हैं।

इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जनपद में सर्व शिक्षा अभियान की कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के नियोजन से पूर्व सम्पूर्ण जनपद में विकास खण्ड स्तर पर बैठकें आयोजित कर सर्व शिक्षा अभियान की अवधारणा को ग्राम स्तर तक पहुँचाया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कर क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित शैक्षिक समस्याओं, परिचर्चाएं आयोजित की गई तथा इनके निष्कर्षों को विकास खण्ड स्तर पर संकलित किया गया। इन सूचनाओं तथा निष्कर्षों का जनपद की वार्षिक कार्य योजना बनाने में प्रयोग किया जा रहा है।

जनपद शाहजहाँपुर के आधारभूत आंकड़े

क्रमांक	मद	इकाई	विवरण
1.	भौगोलिक क्षेत्रफल	वर्ग कि0मी0	4575 वर्ग कि0मी0
2.	कुल जनसंख्या, 2001 के आधार पर	लाख सं0	25.49 लाख
3.	अ - महिला	"	11.62 लाख
	ब-- पुरूष	"	13.87 लाख
4.	अ-- ग्रामीण जनसंख्या	"	20.22 लाख
	ब-- नगरीय जनसंख्या	"	5.26 लाख
5.	साक्षर व्यक्तियों की सं0	"	10.11 लाख
6	तहसील	संख्या	04
7.	विकास खण्ड	"	15
8.	न्याय पंचायत	"	126
9.	ग्राम पंचायत	"	963
10.	राजस्व ग्राम -- आबाद	"	2130
11.	नगर पालिका परिषद	"	03
12.	नगर पंचायत	"	07
13.	पुलिस स्टेशन	"	22
14.	डाकघर	"	297
15.	तारघर	"	15
16.	शीत भण्डार	"	19
17.	राजकीय नलकूप	"	456
18.	पशु चिकित्सालय	"	32
19.	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	"	52
20.	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	"	04
21.	प्राथमिक विद्यालय	"	1976
22.	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	"	112
23.	डिग्री कालेज	"	06
24.	न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र	"	126
25.	ब्लाक संसाधन केन्द्र	"	15
26.	पूर्व माध्यमिक विद्यालय	"	993

जनपद की प्रशासनिक संरचना

क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	न्याय पंचायते	ग्राम पंचायतें	राजस्व ग्राम
1.	बण्डा	09	79	198
2.	खुटार	10	70	206
3.	पुवायाँ	08	63	179
4.	सिंधौली	10	72	184
5.	भावल खेड़ा	09	78	224
6.	ददरौल	08	72	165
7.	काँट	09	70	157
8.	तिलहर	08	70	150
9.	निगोही	08	63	141
10.	कटरा–खुदागंज	09	62	144
11.	जैतीपुर	08	66	173
12.	कलान	09	62	105
13.	जलालाबाद	13	90	281
14.	मिर्जापुर	08	50	124
15	मदनापुर			
		126	963	2431

अध्याय – 2

जनपद का शैक्षिक परिदृश्य

जनपद शाहजहाँपुर में वर्ष 1997 से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी0पी0ई0पी0) फेस 2 चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 से 11 वय वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम 6 से 11 वय वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना तथा उसके पश्चात् इन नामांकित बच्चों के विद्यालयों में ठहराव सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखा गया था। शिक्षा में गुणवत्ता लाना भी इस योजना का एक आवश्यक अंग था । इस योजना के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में अभीष्ट सफलता प्राप्त हुई है, किन्तु 11 से 14 वय वर्ग के बच्चों को इस योजना के अन्तर्गत सम्मिलित न करने के कारण देखा गया कि जो बच्चे कक्षा 5 उत्तीर्ण कर लेते थे, उन सभी बच्चों का पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन नहीं हो पाता था। शाला त्याग की दर भी उच्च प्राथमिक कक्षाओं में अधिक है। इसी कारण से यह आवश्यक हो गया कि 11 से 14 वय वर्ग के बच्चों के लिए भी एक दीर्घावधि कार्य योजना बनायी जाए तथा जो बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते थे, उन्हें भी यथेष्ट शिक्षा उपलब्ध करायी जा सके। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो तथा विद्यालयों का भी सशक्तीकरण किया जा सके। इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर जनपद शाहजहाँपुर में सर्व शिक्षा अभियान लागू करने की योजना बनायी गयी है।

सारणी 2.1

कुल साक्षरता	–	48.79
ग्रामीण साक्षरता	–	47.16
नगरीय साक्षरता	–	54.98
कुल पुरूष साक्षरता	–	60.52
कुल महिला साक्षरता	–	34.68

	पुरूष	महिला	योग
ग्रामीण साक्षरता	59.18	32.41	47.16
नगरीय साक्षरता	65.80	42.85	54.98

नोट : 2001 की जनगणना के अनुसार जनपद शाहजहापुर का साक्षरता दर 48.79 प्रतिशत है। पुरूष साक्षरता दर 60.52 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 34.68 प्रतिशत है। जनपद शाहजहाँपुर में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान तथा जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम लागू होने के कारण पिछले एक दशक में साक्षरता दर भी आशातीत वृद्धि हुई है।

सारणी 2.2

क्रम संख्या	विकास खण्ड का नाम	साक्षरता दर		
		पुरुष	महिला	औसत
1.	भावल खेड़ा	55.58	29.81	43.80
2.	ददरौल	57.20	29.40	44.51
3.	कौंट	62.04	34.53	49.79
4.	सिंधौली	58.32	30.38	45.61
5.	पुवायाँ	67.21	41.83	55.62
6.	बण्डा	67.67	42.50	56.12
7.	खुटार	66.15	30.74	53.99
8.	निगोह	56.97	29.31	44.58
9.	तिलहर	63.06	32.84	49.35
10.	जैतीपुर	51.56	25.08	40.16
11.	कटरा–खुदागंज	62.65	34.77	50.24
12.	जलालाबाद	55.28	28.80	43.65
13.	मिर्जापुर	51.24	26.25	44.77
14.	कलान	48.38	23.04	37.39
15	मदनापुर			

विकास खण्डों में कलान, खुटार तथा जैतीपुर दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित है, किन्तु फिर भी इन विकास खण्डों में साक्षरता दर अपेक्षाकृत संतोषजनक है, जबकि विकास खण्ड भावलखेड़ा, ददरौल आदि नगर क्षेत्र के समीप स्थित हैं किन्तु इनकी साक्षरता दर चिन्तनीय है। इन विकास खण्डों में शिक्षा के विशेष कार्यक्रम लागू करने की आवश्यकता है।

जनपद शाहजहाँपुर में कुल 1976 प्राथमिक विद्यालय तथा 296 पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थापित हैं। जनपद में कुल 2130 आबाद राजस्व ग्राम हैं,

: 1976 प्राथमिक विद्यालयों में के विद्यालय भी सम्मिलित हैं जो कि जनपद के 4 नगर क्षेत्रों में संचालित हैं। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत असेवित बस्तियों में शून्य प्राथमिक विद्यालय तथा 95 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार जनपद के प्रत्येक 300 व्यक्तियों की आबादी पर तथा 1.5 कि0मी0 की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय तथा 800 की आबादी एवं 3 कि0मी0 की दूरी पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्थापना हो जायेगी , जिससे दूरी के कारण शिक्षा से वंचित बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जा सकेगी।

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2000–2001 में छात्रों का नामांकन निम्नलिखित सारणी में सारणी संख्या 2.3 में दर्शाया जा रहा है :–

सारणी 2.3

6–11 वय वर्ग की कुल संख्या			पंजीकृत छात्र संख्या			अनुसूचित जाति		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
226795	185846	412641	215398	175427	390825	48624	42075	90699

जी.आई.आर. – 105

जनपद की विकास खण्डवार शैक्षिक संस्थायें

क्र०सं०	विकास खण्ड का नाम	प्राथमिक विद्यालय			उच्च प्र० विद्यालय			हाईस्कूल		इण्टर कालेज		[illegible]
		परि०	मा०	अमा०	परि०	मा०	अ०प्रा०	सहा०	असहा०	सहा०	असहा०	
1.	बण्डा	143	22	10	19	09	--	01	03	01	04	--
2.	खुटार	142	19	12	12	04	—	—	02	01	—	07
3.	पुवायाँ	141	15	09	16	15	—	02	01	01	01	16
4.	सिंधौली	130	15	08	20	04	--	---	02	---		16
5.	भावलखेड़ा	160	30	20	37	12	--	.	02	01		18
6.	ददरौल	132	16	08	26	03	—	01	01	02	01	07
7.	कॉट	162	13	15	27	03	--	01	01	02	—	18
8.	तिलहर	120	07	03	22	03	—	03	01	02	01	24
9.	निगोही	117	06	03	18	05	—	—	03	—	03	—
10.	कटरा–खुदागंज	116	14	09	19	04	—	02	01	02	01	20
11.	जैतीपुर	125	07	04	16	09	---	--	03		01	13
12.	कलान	107	18	07	15	03	—	—	05	—	02	—
13.	जलालाबाद	190	54	20	27	11	—	01	02	03	04	--
14.	मिर्जापुर	123	30	18	17	29	—	—	02	01	13	35
15	मदनापुर											
16	नगरक्षेत्र शाहजहाँपुर	52			05							
17	नगरक्षेत्र तिलहर	16			02							

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक सुविधाओं में प्रगति सूचक तालिका

स्थिति	विद्यालय संख्या		अध्यापक संख्या		शौचालय युक्त		पेयजल		अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	
	प्रा०वि०	पू०मा०	प्रा०वि०	पू०मा०	प्रा०वि०	पू०मा०	प्रा०वि०	पू०मा०	प्रा०वि०	पू०मा०
परियोजना से पूर्व	1539	214	3140	659	308	128	871	176	12	66
वर्तमान	1976	298	2817	739	1672	205	1862	245	310	61

स्रोत — विभागीय आंकड़े

जनपद की विकास खण्डवार शैक्षिक संस्थायें

क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	प्राथमिक विद्यालय			उच्च प्र0 विद्यालय			हाईस्कूल		इण्टर कालेज		ई०सी०
		परि0	मा0	अमा0	परि0	मा0	श0प्रा0	सहा0	असहा0	सहा0	असहा0	
1.	बण्डा	143	22	10	19	09	—	01	03	01	04	--
2.	खुटार	142	19	12	12	04	—	—	02	01	—	07
3.	पुवायाँ	141	15	09	16	15	—	02	01	01	01	16
4.	सिंधौली	130	15	08	20	04	—	--	02	--		16
5.	भावलखेड़ा	180	30	20	37	12	--	--	02	01		18
6.	ददरौल	132	16	08	26	03	—	01	01	02	01	07
7.	कॉंट	162	13	15	27	03	—	01	01	02	—	18
8.	तिलहर	120	07	03	22	03	—	03	01	02	01	24
9.	निगोही	117	06	03	18	05	—	—	03	—	03	—
10.	कटरा—खुदागंज	116	14	09	19	04	—	02	01	02	01	2[illegible]
11.	जैतीपुर	125	07	04	16	03	—	--	03		01	1[illegible]
12.	कलान	107	18	07	15	03	—	—	05	—	02	—
13.	जलालाबाद	190	54	20	27	11	—	01	02	03	04	—
14.	मिर्जापुर	123	30	18	17	29	—	—	02	01	13	35
15	मदनापुर											
16	नगरक्षेत्र शाहजहाँपुर	52			05							
17	नगरक्षेत्र तिलहर	16			02							

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक सुविधाओं में प्रगति सूचक तालिका

स्थिति	विद्यालय संख्या		अध्यापक संख्या		शौचालय युक्त		पेयजल		अति0कक्षा—कक्ष	
	प्रा0वि0	पू0मा0	प्रा0वि0	पू0मा0	प्रा0वि0	पू0मा0	प्रा0वि0	पू0मा0	प्रा0वि0	पू0मा0
परियोजना से पूर्व	1539	214	3140	659	308	128	871	176	12	06
वर्तमान	1976	298	2817	739	1672	205	1802	245	398	6[illegible]

स्रोत — विभागीय आंकड़े

विद्यालयों में अवस्थापना सुविधायें

जनपद स्तर पर परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक संसाधन सारणी संख्या 2.7 दर्शायी जानी है। इस सारणी से यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकाधिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं किन्तु अभी भी शिक्षकों की संख्या के अनुसार विद्यालयों में कक्षा कक्षों की संख्या पर्याप्त नहीं है तथा लगभग शत प्रतिशत विद्यालयों में चार दीवारी की कमी है अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत चार दीवारी विहीन विद्यालयों में चार दीवारी तथा अतिरिक्त कक्षा कक्षों की स्थापना की योजना है। जनपद में पूर्व से संचालित अधिकांश विद्यालयों में शौचालय तथा पेय--जल सुविधा उपलब्ध है। नवसृजित विद्यालयों में भवन निर्माण के साथ शौचालय,चार दीवारी तथा पेयजल की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सारणी संख्या 2.8

प्राथमिक स्तर

प्राथमिक विद्यालयों की संख्या	--	1976
एक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	—	97
दो कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	816
तीन कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	339
चार कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	30
पाचँ कक्षीय विद्यालयों की संख्या	—	04
पाँच से अधिक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	01
मरम्मत योग्य विद्यालयों की संख्या	--	891
लघु मरम्मत योग्य	--	615
बृहद मरम्मत योग्य	--	276
शौचालय युक्त विद्यालयों की संख्या	--	1722
शौचालय विहीन विद्यालयों की संख्या	—	210
हैण्डपम्प युक्त विद्यालयों की संख्या	—	1844
हैण्डपम्प विहीन विद्यालयों की संख्या	--	88
चार दीवारी युक्त विद्यालयों की संख्या	--	132
चार दीवारी विहीन विद्यालयों की संख्या	—	1800

उच्च प्राथमिक स्तर

कुल विद्यालयों की संख्या	--	298
एक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	03
दो कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	18
तीन कक्षीय विद्यालयों की संख्या	--	41

विद्यालयों में अवस्थापना सुविधायें

जनपद स्तर पर परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक संसाधन सारणी संख्या 2.7 दर्शायी जानी है। इस सारणी से यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकाधिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं किन्तु अभी भी शिक्षकों की संख्या के अनुसार विद्यालयों में कक्षा कक्षों की संख्या पर्याप्त नहीं है तथा लगभग शत प्रतिशत विद्यालयों में चार दीवारी की कमी है अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत चार दीवारी विहीन विद्यालयों में चार दीवारी तथा अतिरिक्त कक्षा कक्षों की स्थापना की योजना है। जनपद में पूर्व से संचालित अधिकांश विद्यालयों में शौचालय तथा पेय-जल सुविधा उपलब्ध है। नवसृजित विद्यालयों में भवन निर्माण के साथ शौचालय,चार दीवारी तथा पेयजल की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सारणी संख्या 2.8

प्राथमिक स्तर

प्राथमिक विद्यालयों की संख्या	–	1976
एक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	97
दो कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	816
तीन कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	339
चार कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	30
पाचँ कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	04
पाँच से अधिक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	01
मरम्मत योग्य विद्यालयों की संख्या	–	891
लघु मरम्मत योग्य	–	615
बृहद मरम्मत योग्य	–	276
शौचालय युक्त विद्यालयों की संख्या	–	1722
शौचालय विहीन विद्यालयों की संख्या	–	210
हैण्डपम्प युक्त विद्यालयों की संख्या	–	1844
हैण्डपम्प विहीन विद्यालयों की संख्या	–	88
चार दीवारी युक्त विद्यालयों की संख्या	–	132
चार दीवारी विहीन विद्यालयों की संख्या	–	1800

उच्च प्राथमिक स्तर

कुल विद्यालयों की संख्या	–	298
एक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	03
दो कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	18
तीन कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	41

मिक विद्यालयों में नामांकन	1997–98	1998–99	1999–2000	2000–2001	2001-2002	2002-2003
ा 1	114036	110023	119722	121181	124090	127010
ा 2	81022	8705	92195	94355	96625	98999
ा 3	55961	65884	70784	72849	74600	76570
ा 4	38864	45874	50083	50504	51680	53180
ा 5	27999	32594	34786	34689	35765	36845
ग	317882	341400	367570	373578	[illegible]	[illegible]
ा0ई0आर0						
ल	88.5	93.78	98.8	105	108.7	110.2
लिका	71.46	74.04	76.92	84.88	89.35	91.78
न0ई0आर0						
ल	77.7	82.36	86.19	92	93.9	95.2
ालिका	64.73	69.24	73.60	80.14	84.7	89.9

उपर्युक्त सारणी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम संचालित होने की अवधि में छात्रों के नामांकन में सतत् वृद्धि होती रही हैं। इस सारिणी से यह संकेत भी मिल रहा है कि कुल नामांकन के सापेक्ष कक्षा 1 तथा 2 के नामांकन में अधिक वृद्धि हुई है किन्तु कक्षा 5 की छात्र संख्या पिछली कक्षाओं की तुलना में कम है, जिससे स्पष्ट परिलक्षित होता है कि अभी भी बच्चे ड्राप आउट कर रहे हैं तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं की ओर तरलता कम है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में विशेष ध्यान दिया जायेगा कि बच्चों का ड्राप आउट रोका जा सके तथा कक्षा 1 में नामांकित सभी बच्चे वर्ष 2005 में कक्षा 5 उत्तीर्ण हों तथा उन्हें उच्च कक्षाओं में प्रवेश दिलाकर वर्ष 2007 तक कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण करा दी जाये। 0 से 14 वय वर्ग के सभी बच्चों को सन् 2007 तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम जनपद शाहजहाँपुर में इसके संचालन की अवधि से विद्यालयों की संख्या में 437 की वृद्धि हुई है जबकि अध्यापकों की संख्या में उस अनुपात में वृद्धि नहीं हो रही है। प्रतिवर्ष अनेक अध्यापक सेवा निवृत्त हो रहे हैं, किन्तु अध्यापकों की नवीन नियुक्तियां नहीं की जा सकी है। इस कारण छात्र–अध्यापक अनुपात असंतुलित हो गया हैं शिक्षा मित्रों की कुछ नियुक्तियां कर अध्यापकों की कमी को पूरा करने का प्रयास किया गया है किन्तु अभी तक 40:1 का मानक स्तर प्राप्त करने में हम असफल रहे है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत छात्र अध्यापक अनुपात मानक स्तर तक ले जाने का प्रयास है।

डी.पी.ई.पी. की योजना संचालित होने के पश्चात् प्राथमिक विद्यालयों तथा अध्यापकों की संख्या में हुई वृद्धि को निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट समझा जा सकता है :

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद शाहजहाँपुर में अध्यापकों के अतिरिक्त पद सृजित न कर शिक्षा मित्रों के 2017 पद स्वीकृत किये गये हैं जिनमें से 1576 पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं। शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, किन्तु छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण इन स्वीकृत पदों से भी 40:1 के छात्र अध्यापक अनुपात को प्राप्त करना सम्भव नहीं होगा अतः सर्व शिक्षा अभियान में इस मानक स्तर को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त शिक्षा मित्रों की आवश्यकता होगी, जिनको नियुक्त करने का प्रस्ताव किया जा रहा है। छात्रों की वृद्धि एवं पर्याप्त कक्षा कक्षों की अनुपलब्धता के कारण इस अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर सभी शिक्षकों के लिए अलग अलग कक्षा तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम 5 कक्षा कक्षों की व्यवस्था की जायेगी। वार्षिक कार्य योजना में इसके लिए व्यवस्था की गई है।

प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में अत्याधिक अन्तर के कारण जो बच्चे कक्षा 5 उत्तीर्ण कर लेते हैं वे सभी बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर पर नामांकित नहीं हो पाते हैं। इसलिए सर्व शिक्षा अभियान में प्रत्येक 3 कि०मी० की दूरी तथा 800 की आबादी पर एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है। जिसमें एक प्रधानाध्यापक तथा 4 सहायक अध्यापकों की व्यवस्था प्रस्तावित है। जनपद में प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अनुपात निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता है :-

प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अनुपात

	प्राथमिक विद्यालय	उच्च प्राथमिक विद्यालय	अनुपात
ग्रामीण	1908	291	6.7:1
नगरीय	68	67	9.7:1
योग	1976	298	6.6:1

इस तालिका से स्पष्ट है कि प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बीच 17 से अधिक का अनुपात है। इस अनुपात को कम करते हुए वर्ष 2010 तक प्रत्येक 2 प्राथमिक विद्यालयों पर एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्थापना का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दीर्घावधि योजना में कृमिक प्रस्ताव किये जाते है।

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विगत वर्षों में 437 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जा चुकी है। डी०पी०ई०पी० योजना में निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत 33% बजट के सापेक्ष 24% बजट का उपभोग किया गया है। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य शून्य रखा गया है। जनपद में प्राथमिक स्तर पर असेवित बस्तियों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोलने की योजना है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर कुल 298 विद्यालय संचालित हैं। 800 की आबादी तथा 3 किमी0 दूरी का मानक मानते हुए 95 विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य असेवित बस्तियों में शिक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत ज्ञान केन्द्र खोलने का लक्ष्य है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद शाहजहाँपुर में अध्यापकों के अतिरिक्त पद सृजित न कर शिक्षा मित्रों के 2017 पद स्वीकृत किये गये हैं जिनमें से 1576 पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी है। शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, किन्तु छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण इन स्वीकृत पदों से भी 40:1 के छात्र अध्यापक अनुपात को प्राप्त करना सम्भव नहीं होगा अतः सर्व शिक्षा अभियान में इस मानक स्तर को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त शिक्षा मित्रों की आवश्यकता होगी, जिनको नियुक्त करने का प्रस्ताव किया जा रहा है। छात्रों की वृद्धि एवं पर्याप्त कक्षा कक्षों की अनुपलब्धता के कारण इस अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर सभी शिक्षकों के लिए अलग अलग कक्षा तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम 5 कक्षा कक्षों की व्यवस्था की जायेगी। वार्षिक कार्य योजना में इसके लिए व्यवस्था की गई है।

प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में अत्याधिक अन्तर के कारण जो बच्चे कक्षा 5 उत्तीर्ण कर लेते हैं वे सभी बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर पर नामांकित नहीं हो पाते हैं। इसलिए सर्व शिक्षा अभियान में प्रत्येक 3 कि0मी0 की दूरी तथा 800 की आबादी पर एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है। जिसमें एक प्रधानाध्यापक तथा 4 सहायक अध्यापकों की व्यवस्था प्रस्तावित है। जनपद में प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अनुपात निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता है :–

प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अनुपात

	प्राथमिक विद्यालय	उच्च प्राथमिक विद्यालय	अनुपात
ग्रामीण	1908	291	6.7:1
नगरीय	68	67	9.7:1
योग	1976	258	6.6:1

इस तालिका से स्पष्ट है कि प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बीच 1:7 से अधिक का अनुपात है। इस अनुपात को कम करते हुए वर्ष 2010 तक प्रत्येक 2 प्राथमिक विद्यालयों पर एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्थापना का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दीर्घावधि योजना में कृमिक प्रस्ताव किये जाते है।

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विगत वर्षों में 437 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जा चुकी है,। डी0पी0ई0पी0 योजना में निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत 33% बजट के सापेक्ष 24% बजट का उपभोग किया गया है। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य शून्य रखा गया है। जनपद में प्राथमिक स्तर पर असेवित बस्तियों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोलने की योजना है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर कुल 290 विद्यालय संचालित हैं। 800 की आबादी तथा 3 किमी0 दूरी का मानक मानते हुए 95 विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य असेवित बस्तियों में शिक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत ज्ञान केन्द्र खोलने का लक्ष्य है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर विशिष्ट सूचकांक
जनपद शाहजहाँपुर

1997 से 2003 तक परिषदीय उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन शाहजहाँपुर

वर्ष	नामांकन			प्रतिशत		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1997–98	30094	15025	45119	66.7	33.3	100
1998–99	29974	15669	45644	65.7	34.3	100
1999–2000	31784	16483	48267	65.9	34.2	100
2000–2001	32676	17165	49841	65.6	34.4	100
2001-2002	33772	18873	52645	64.15	35.85	100
2002-2003	34442	19680	54122	63.63	36.37	100

जनपद शाहजहाँपुर वर्ष 1997 से डी. पी.ई.पी. परियोजना से आच्छादित रहा है। परियोजना से प्राथमिक स्तर पर नामांकन में वृद्धि के साथ–साथ उच्च प्राथमिक स्तर पर भी नामांकन में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में 1997 से 2003 के बीच वृद्धि हुई है।

परिषदीय उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन एवं वृद्धि जनपद शाहजहाँपुर

वर्ष	कक्षा 6	कक्षा 7	कक्षा 8	योग	गतवर्ष के सापेक्ष प्रतिशत वृद्धि
1998–99	16167	15254	14223	45644	
1999–2000	18882	16400	12985	48267	5.4
2000–2001	22663	17011	10168	49841	3.2
2001-2002	23958	17036	10651	[illegible]	5.3
2002-2003	24485	18422	11215	54122	5.7

उक्त सारणी में उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षावार नामांकन दर्शाया गया है जिसके विश्लेषण उपरान्त ज्ञात हुआ है कि 2001 –2002 एवं 2002–2003 में क्रमशः 5.3 प्रतिशत एवं 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

परिषदीय विद्यालयों का ट्रांजिसन दर कक्षा 5 से कक्षा 6

वर्ष	कक्षा 5	कक्षा 6	ट्रांजिसन दर
1998–99	32594	16167	49.6
1999–2000	34786	18882	54.3
2000–2001	34689	22663	65.3
2001-2002	35765	23958	66.98
2002-2003	36845	24485	66.45

* किसी भी प्राथमिक शिक्षा के कार्यक्रम में यह अतिआवश्यक है कि कितने बच्चे एक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर दूसरे स्तर की शिक्षा में नामांकन होते है। अत : जनपद शाहजहाँपुर का परिषदीय विद्यालयों का ट्रांजिसन दर (अर्थात कक्षा 5 से 6 में नामांकित होने वाले) उक्त सारिणी में ज्ञात किया गया है। सारिणी से स्पष्ट है कि 1998 से 2003 के बीच 17 प्रतिशत की ट्रांजिसन दर में वृद्धि है। सारिणी से यह भी स्पष्ट है कि मात्र प्राथमिक स्तर के लगभग 66 प्रतिशत बच्चे उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकित हो पाते है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर विशिष्ट सूचकांक
जनपद शाहजहाँपुर

1997 से 2003 तक परिषदीय उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन शाहजहाँपुर

वर्ष	नामांकन			प्रतिशत		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1997–98	30094	15025	45119	66.7	33.3	100
1998–99	29974	15669	45644	65.7	34.3	100
1999–2000	31784	16483	48267	65.9	34.2	100
2000–2001	32676	17165	49841	65.6	34.4	100
2001-2002	33772	18873	52645	64.15	35.85	100
2002-2003	34442	19680	54122	63.63	36.37	100

जनपद शाहजहाँपुर वर्ष 1997 से डी. पी.ई.पी. परियोजना से आच्छादित रहा है। परियोजना से प्राथमिक स्तर पर नामांकन में वृद्धि के साथ–साथ उच्च प्राथमिक स्तर पर भी नामांकन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में 1997 से 2003 के बीच वृद्धि हुई है।

परिषदीय उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन एवं वृद्धि जनपद शाहजहाँपुर

वर्ष	कक्षा 6	कक्षा 7	कक्षा 8	योग	गतवर्ष के सापेक्ष प्रतिशत वृद्धि
1998–99	16167	15254	14223	45644	
1999–2000	18882	16400	12985	48267	5.4
2000–2001	22663	17011	10168	49841	3.2
2001-2002	23958	17836	10851	52645	5.3
2002-2003	24485	18422	11215	54122	2.7

उक्त सारणी में उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षावार नामांकन दर्शाया गया है जिसके विश्लेषण उपरान्त ज्ञात हुआ है कि 2001 –2002 एवं 2002–2003 में क्रमशः 5.3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

परिषदीय विद्यालयों का ट्रांजिसन दर कक्षा 5 से कक्षा 6

वर्ष	कक्षा 5	कक्षा 6	ट्रांजिसन दर
1998–99	32594	16167	49.6
1999–2000	34786	18882	54.3
2000–2001	34689	22663	65.3
2001-2002	35765	23958	66.98
2002-2003	36845	24485	66.45

किसी भी प्राथमिक शिक्षा के कार्यक्रम में यह अतिआवश्यक है कि कितने बच्चे एक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर दूसरे स्तर की शिक्षा में नामांकन होते है। अत : जनपद शाहजहाँपुर का परिषदीय विद्यालयों का ट्रांजिसन दर (अर्थात कक्षा 5 से 6 में नामांकित होने वाले) उक्त सारिणी में ज्ञात किया गया है। सारिणी से स्पष्ट है कि 1998 से 2003 के बीच 17 प्रतिशत की ट्रांजिसन दर में वृद्धि है। सारिणी से यह भी स्पष्ट है कि मात्र प्राथमिक स्तर के लगभग 66 प्रतिशत बच्चे उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकित हो पाते है।

जनपद शाहजहाँपुर में इस योजना के क्रियान्वयन से पूर्व एवं योजना निर्माण से पूर्व ग्रास रूट लेबिल तक व्यापक विचार विनिमय किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर, न्याय पंचायत स्तर पर, क्षेत्र पंचायत स्तर पर तथा जिला पंचायत स्तर पर व्यापक विचार विमर्श के पश्चात् योजना को अंतिम रूप दिया गया जिससे कि निचले स्तर पर कार्यात्मक विकेन्द्रीकरण सुनिश्चित हो सके। इस योजना में गैर संगठनों, स्वयसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, कलाकारों तथा महिला संगठनों को भी शामिल कर उनके उत्तरदायित्वों का निर्धारण किया गया है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्त्री–पुरूष असमानता दूर करने किशोरियों को जीवनोपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराने, विकलांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित करने पर विशेष बल दिया जायेगा। इस योजना के निर्माण के पूर्व सूक्ष्म नियोजन कराया जा चुका है तथा ग्राम शिक्षा योजना का निर्माण कराया जा चुका है।

सूक्ष्म नियोजन तथा ग्राम शिक्षा योजना

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के पहले चरण में सूक्ष्म नियोजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया हैं, जिसके अन्तर्गत 6 से 11 आयु वर्ग के बच्चों की गणना करायी गयी तथा विद्यालय न जाने वाले बच्चों का चिन्हांकन कराया गया है। इस कार्यक्रम से पूर्व सूक्ष्म नियोजनकर्ता अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा घर–घर जाकर कार्य करने पर बल दिया गया। इस योजना में परिषदीय विद्यलायों के अध्यापकों ने ही कार्य किया तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम शिक्षा योजना तैयार की। ग्राम शिक्षा योजना में 0 से 6 वय वर्ग तथा 6 से 11 वय वर्ग के बच्चों का चिन्हांकन कर उनके लिए आवश्यतानुसार शिक्षा उपलब्ध कराने के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। ग्राम शिक्षा योजना में बालक तथा बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति का आंकलन किया गया। इस कार्य में ग्राम के उत्साही प्रवुद्ध व्यक्तियों तथा ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग लिया गया। जनपद में 1997–98 में प्रथम बार तथा 1999–2000 में सम्बन्धित सूचनाओं का एकत्रीकरण किया गया। इन सूचनाओं का संश्लेषण, विश्लेषण कर समस्याओं की पहचान की गयी तथा तद्नुसार आवश्यकताओं का निर्धारण किया गया। सूक्ष्म नियोजन के द्वारा प्रत्येक ग्राम के लिए निम्नलिखित सूचनाएं एकत्र की गयी।

- ☆ ग्राम में 6–11 वय वर्ग के कुल बच्चों की संख्या
- ☆ विद्यालय/अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या
- ☆ विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या
- ☆ शिक्षा ग्रहण न करने का कारण
- ☆ क्या गांव में विद्यालय नहीं है ? क्या विद्यालय खोलने की आवश्यकता है ?
- ☆ यदि विद्यालय खोला जाना सम्भव नहीं है तो ग्रामवासी शिक्षा की क्या व्यवस्था सुनिश्चित करते है।
- ☆ क्या ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन एवं उसमें उपलब्ध सुविधाएं पर्याप्त हैं ?

जनपद शाहजहाँपुर में इस योजना के क्रियान्वयन से पूर्व एवं योजना निर्माण से पूर्व ग्रास रूट लेबिल तक व्यापक विचार विनिमय किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर, न्याय पंचायत स्तर पर, क्षेत्र पंचायत स्तर पर तथा जिला पंचायत स्तर पर व्यापक विचार विमर्श के पश्चात् योजना को अंतिम रूप दिया गया जिससे कि निचले स्तर पर कार्यात्मक विकेन्द्रीकरण सुनिश्चित हो सके। इस योजना में गैर संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, कलाकारों तथा महिला संगठनों को भी शामिल कर उनके उत्तरदायित्वों का निर्धारण किया गया है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्त्री–पुरूष असमानता दूर करने किशोरियों को जीवनोपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराने, विकलांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित करने पर विशेष बल दिया जायेगा। इस योजना के निर्माण के पूर्व सूक्ष्म नियोजन कराया जा चुका है तथा ग्राम शिक्षा योजना का निर्माण कराया जा चुका है।

सूक्ष्म नियोजन तथा ग्राम शिक्षा योजना

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के पहले चरण में सूक्ष्म नियोजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया हैं, जिसके अन्तर्गत 6 से 11 आयु वर्ग के बच्चों की गणना करायी गयी तथा विद्यालय न जाने वाले बच्चों का चिन्हांकन कराया गया है। इस कार्यक्रम से पूर्व सूक्ष्म नियोजनकर्ता अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा घर–घर जाकर कार्य करने पर बल दिया गया। इस योजना में परिषदीय विद्यलायों के अध्यापकों ने ही कार्य किया तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम शिक्षा योजना तैयार की। ग्राम शिक्षा योजना में 0 से 6 वय वर्ग तथा 6 से 11 वय वर्ग के बच्चों का चिन्हांकन कर उनके लिए आवश्यकतानुसार शिक्षा उपलब्ध कराने के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। ग्राम शिक्षा योजना में बालक तथा बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति का आंकलन किया गया। इस कार्य में ग्राम के उत्साही प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग लिया गया। जनपद में 1997–98 में प्रथम बार तथा 1999–2000 में सम्बन्धित सूचनाओं का एकत्रीकरण किया गया। इन सूचनाओं का संश्लेषण, विश्लेषण कर समस्याओं की पहचान की गयी तथा तदनुसार आवश्यकताओं का निर्धारण किया गया। सूक्ष्म नियोजन के द्वारा प्रत्येक ग्राम के लिए निम्नलिखित सूचनाएं एकत्र की गयी।

- ग्राम में 6–11 वय वर्ग के कुल बच्चों की संख्या
- विद्यालय/अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या
- विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या
- शिक्षा ग्रहण न करने का कारण
- क्या गांव में विद्यालय नहीं है ? क्या विद्यालय खोलने की आवश्यकता है ?
- यदि विद्यालय खोला जाना सम्भव नहीं है तो अनौपचारिक शिक्षा की क्या आवश्यकता परिलक्षित करते है।
- क्या ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन एवं उसमें उपलब्ध सुविधाएं पर्याप्त हैं ?

उपर्युक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए तथा समुदाय के सदस्यों से विचार विमर्श करते हुए ग्राम शिक्षा योजना तैयार की गयी। इस योजना का रिकार्ड ग्राम पंचायत स्तर पर तथा विकास खण्ड स्तर पर संकलित एवं संरक्षित किया गया। इसके रिकार्ड को ग्राम स्तर पर रखने का उद्देश्य यह था कि इस योजना के अनुरूप भविष्य में शिक्षा योजनायें लागू की जाये तथा ग्रामीण बच्चों की आवश्यकता के अनुसार विद्यालय में संसाधन तथा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके। शैक्षिक नियोजन के यह आँकड़े संकलित कर जिला स्तर पर संरक्षित कर लिए गए, जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत बनाने में आधारभूत आँकड़ों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6–14 वय वर्ग के विद्यालय न जाने बच्चों को 2 श्रेणियों में विभक्त किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत शिक्षा गारण्टी योजना तथा वैकल्पिक शिक्षा/नवाचार शिक्षा योजना कार्यक्रम चलाये जाने हेतु 6–9 वय वर्ग तथा 9–14 वय वर्ग दो समूहों में रखते हुए इनकी आवश्यकताओं का आंकलन किया गया है। इन वर्ग समूहों में बालक–बालिकाओं की संख्या पृथक–पृथक ज्ञात की गयी है, ताकि लिंग भेद के कारण उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए पृथक–पृथक योजनाओं का निर्धारित किया जा सके एवं लिंग असमानता को दूर किया जा सके। स्त्री–पुरूष समानता सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान में लिंग संवेदीकरण का एक प्रशिक्षण समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है।

सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ऐसे ग्राम पंचायतों की पहचान कर ली गयी है, जिनकी आबादी 300 से अधिक है तथा उसकी सीमा से 1 कि0मी0 की परिधि में कोई प्राथमिक विद्यालय अवस्थित नहीं है। जनपद शाहजहाँपुर में इस प्रकार की कुल 171 बस्तियाँ हैं। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन बस्तियों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव है। इन आंकड़ों के आधार पर उन बस्तियों की सूची भी तैयार कर ली गयी है जिनमें शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत पूर्वमाध्यमिक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

स्कूल चलो अभियान

वर्ष 2001–2002 जनपद शाहजहाँपुर में स्कूल चलो अभियान वृहद स्तर पर संचालित किया गया। इस अभियान के फलस्वरूप सर्वप्रथम स्कूल न जाने वाले बच्चों को चिन्हित किया गया तथा तत्पश्चात् इनके शत–प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य लेकर सम्पूर्ण जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को [illegible] नामांकन कराने के लिए न केवल प्रेरित किया गया वरन् नामांकन न होने की स्थिति में उनका उत्तरदायित्व का निर्धारण भी किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में 6–11 वय वर्ग के कुल बच्चों के सापेक्ष 94 प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाना सम्भव हो सका। नामांकन न–

उपर्युक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए तथा समुदाय के सदस्यों से विचार विमर्श करते हुए ग्राम शिक्षा योजना तैयार की गयी। इस योजना का रिकार्ड ग्राम पंचायत स्तर पर तथा विकास खण्ड स्तर पर संकलित एवं संरक्षित किया गया। इसके रिकार्ड को ग्राम स्तर पर रखने का उद्देश्य यह था कि इस योजना के अनुरूप भविष्य में शिक्षा योजनायें लागू की जाये तथा ग्रामीण बच्चों की आवश्यकता के अनुसार विद्यालय में संसाधन तथा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके। शैक्षिक नियोजन के यह आँकड़े संकलित कर जिला स्तर पर संरक्षित कर लिए गए, जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत बनाने में आधारभूत आँकड़ों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6–14 वय वर्ग के विद्यालय न जाने बच्चों को 2 श्रेणियों में विभक्त किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत शिक्षा गारण्टी योजना तथा वैकल्पिक शिक्षा/नवाचार शिक्षा योजना कार्यक्रम चलाये जाने हेतु 6–9 वय वर्ग तथा 9–14 वय वर्ग दो समूहों में रखते हुए इनकी आवश्यकताओं का आंकलन किया गया है। इन वर्ग समूहों में बालक–बालिकाओं की संख्या पृथक–पृथक ज्ञात की गयी है, ताकि लिंग भेद के कारण उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए पृथक–पृथक योजनाओं का निर्धारित किया जा सके एवं लिंग असमानता को दूर किया जा सके। स्त्री–पुरूष समानता सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान में लिंग संवेदीकरण का एक प्रशिक्षण समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है।

सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ऐसे ग्राम पंचायतों की पहचान कर ली गयी है, जिनकी आबादी 300 से अधिक है तथा उसकी सीमा से 1 कि0मी0 की परिधि में कोई प्राथमिक विद्यालय अवस्थित नहीं है। जनपद शाहजहाँपुर में इस प्रकार की कुल 171 बस्तियाँ हैं। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन बस्तियों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव है। इन आंकड़ों के आधार पर उन बस्तियों की सूची भी तैयार कर ली गयी है जिनमें शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत पूर्वमाध्यमिक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

स्कूल चलो अभियान

वर्ष 2001–2002 जनपद शाहजहाँपुर में स्कूल चलो अभियान वृहद स्तर पर संचालित किया गया। इस अभियान के फलस्वरूप सर्वप्रथम स्कूल न जाने वाले बच्चों को चिन्हित किया गया तथा इसके पश्चात इनके शत–प्रतिशत् नामांकन का लक्ष्य लेकर सम्पूर्ण जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए न केवल प्रेरित किया गया वरन् नामांकन न होने की स्थिति में उनके उत्तरदायित्व का निर्धारण भी किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में 6–11 वय वर्ग के कुल बच्चों के सापेक्ष 94 प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाना सम्भव हो सका। जनपद में

4. दिनाँक 7/7/2001 को जिला स्तर पर शाहजहाँपुर नगर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को राजकीय इण्टर कालेज शाहजहाँपुर से नियोजन राज्य मंत्री माननीय सुरेश कुमार खन्ना ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ-साथ माननीय मंत्री जी स्वयं चल रहे थे। इस रैली में बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सभा के अन्त में मन्त्री जी ने समस्त जनपदवासियों का आहवान किया कि वे शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान में अपनी सम्पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों को प्रेरित कर विद्यालय में प्रवेश दिलाने में सहयोग करें। इस तरह जनपद स्तर पर वातावरण सृजन का कार्य किया गया।

5. दिनाँक 8/7/2001 को विकास खण्ड निगोही एवं तिलहर में रैलियों का आयोजन हुआ। सम्बन्धित सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ भारी संख्या में शिक्षकों तथा बच्चों ने इन रैलियों में प्रतिभाग किया।

6. दिनाँक 9/7/2001 को विकास खण्ड जलालाबाद,मिर्जापुर,कलान एवं जैतीपुर में स्कूल चलो अभियान की रैलियां आयोजित की गयी एंव वातावरण सृजन किया गया।

7. जनपद स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु सतत् प्रयास किये गये। मीना कैम्पेन का आयोजन किया गया। कला जत्था के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये तथा समर कैम्प के द्वारा विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं को पुनः विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए गये है।

सर्व शिक्षा अभियान के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना के नियोजन में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। इस योजना के निर्माण में पूर्णतः विकेन्द्रीकृत प्रणाली को व्यवहार में लाया गया है। इस कार्य में जिस प्रक्रिया का पालन किया गया है वह निम्नवत् है :-

1. सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक नियोजन टीम का गठन किया गया है। इस टीम में डा0 अविनाश दीक्षित सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुवायाँ श्री आशीष चौहान ए0बी0एस0ए0 खुटार, श्री मेवाराम सहायक लेखाधिकारी डी0पी0ई0पी0 के अतिरिक्त सुश्री रेनू वर्मा जिला समन्वयक बालिका शिक्षा एवं श्री बिरजू भारती जिला समन्वयक वैकल्पिक शिक्षा को सम्मिलित किया गया।

इस समस्या से निपटने के लिए सर्व शिक्षा अभियान में विशेष प्रयास किया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति, शिक्षक अभिभावक संघ, माता अभिभावक संघ, महिला मंगल दल आदि की सहभागिता प्राप्त करते हुए अपवंचित वर्ग को प्रोत्साहित किया जायेगा कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजे ताकि शिक्षा प्राप्त कर बच्चें स्वयं अपना व्यवसाय कर सकें तथा परिवार के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर कर सकें। विद्यालयों में शिक्षा व्यवसायोन्मुख बनाने का प्रयास किया जायेगा किशोरी बालिकाओं को जवनोपयोगी शिक्षा देने के बारे में विशेष केन्द्र खोले जायेंगे।

विद्यालयों में जाति, धर्म, लिंग एवं सम्प्रदाय भाव से ऊपर उठकर सभी बच्चों से समान व्यवहार करने के लिए अध्यापकों को प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया जायेगा। अभिभावकों के समक्ष विद्यालय सामाजिक समरसता के उत्कृष्ट उदाहरण होगें तभी वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में संकोच महसूस नहीं करेगें। बालिकाओं के प्रति विद्यालयों में अच्छा व्यवहार होगा। विकलांग बच्चों के बारे में समेकित शिक्षा के माध्यम से उपचारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जायेगा इस कार्य के लिए अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। शारीरिक रूप से चुनौती प्रस्तुत करने वाले बच्चों के साथ सम्मानपूर्ण एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार हम विशेष प्रयास कर बच्चों के नामांकन में अवरोधक तत्व के आर्थिक एवं सामाजिक कारण को दूर कर सकते हैं तथा बच्चों के शत् प्रतिशत् नामांकन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

2. बच्चों की पहुँच से विद्यालय का दूर होना :-

बच्चों के शत् प्रतिशत् नामांकन में विद्यालयों की उपलब्धता एक प्रमुख कारक है। अभी जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में जनपद शाहजहाँपुर में 470 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जा चुकी है।

समूह चर्चाओं के द्वारा ऐसी असेवित बस्तियों की भी पहचान कर ली गई है जहाँ [illegible] बच्चे उपलब्ध हैं एवं उनसे 1 किमी0 की दूरी तक कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है। इन बस्तियों में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा गारन्टी योजना/वैकल्पिक नवाचारी शिक्षा के [illegible] विद्या केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर असेवित बस्तियों में 95 [illegible]

माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है तथा प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अनुपात 2:1 करने के लिए ज्ञान केन्द्र खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन विद्या केन्द्रों तथा ज्ञान केन्द्रों का संचालन ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से कराया जायेगा। यह समितियाँ इनमें अनुदेशकों की नियुक्ति कर उन पर नियंत्रण स्थापित करेंगी यह अनुदेशक उसी ग्राम/बस्ती का व्यक्ति होगा तथा इसके मानदेय का भुगतान जिला परियोजना कार्यालय ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करेगा।

उपर्युक्त व्यवस्था के द्वारा प्रत्येक असेवित बस्ती में प्राथमिक विद्यालय तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय की या तो स्थापना की जायेगी अथवा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेगें। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बच्चे की पहुंच तक शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि 6–11 वय वर्ग के किसी बच्चे को 1.5 किमी0 तथा 11–14 वय वर्ग के किसी बच्चे को 3 किमी0 से अधिक चलकर विद्यालय न जाना पड़े तथा कोई बच्चा केवल इस कारण से विद्यालय में नामांकित होने से न रह जाये कि उसे पढ़ने के लिए उसकी पहुंच उपलब्ध नहीं है।

इस प्रयास के द्वारा हम बच्चों तक विद्यालय पहुँचाने का प्रयास करेगें। निश्चित रूप से हमारा यह प्रयास बच्चों के शत् प्रतिशत् नामांकन में सहायक होगा।

3. विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं की कमी :–

समूह चर्चाओं से यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं की कमी के कारण भी अभिभावक परिषदीय विद्यालयों में अपने बच्चों का नामांकन नहीं कराते है। प्राथमिक स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध करा दी गई है। इसके लिए विगत 2 वर्षों से लगातार रू0 5000/– प्रति वर्ष ग्राम शिक्षा समितियों को उपलब्ध कराये जाते रहे हैं इस धनराशि से ग्राम शिक्षा समितियों ने विद्यालय तथा छात्रों की आवश्यकता के अनुसार सामग्री क्रय कर ली है। किन्तु पूर्व माध्यमिक स्तर अभी भी अवस्थापना सुविधाओं की बेहद कमी है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन विद्यालयों में ब्लैक बोर्ड, टाट पट्टी, मेज कुर्सी, शिक्षण अधिगम सामग्री आदि क्रय करने के लिए ग्राम शिक्षा समितियों को धनराशि प्रदान किए जाने का प्राविधान किया जा रहा है।

प्राथमिक स्तर लगभग प्रत्येक विद्यालय में शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था की जा चुकी है। किन्तु पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में इन सुविधाओं की कमी है। जिसके लिए प्रस्तुत योजना में व्यवस्था की गई है इसके अतिरिक्त बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रत्येक विद्यालय

में चार दीवारी का होना नितान्त आवश्यक है। इसके लिए भी सर्व शिक्षा अभियान में व्यवस्था की जा रही है।

समूह चर्चाओं से यह बात भी प्रकाश में आई कि विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कक्षा-कक्ष नहीं हैं। प्राथमिक विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिए कम से कम एक कक्ष अवश्य होना चाहिए किन्तु जनपद शाहजहाँपुर में अधिकांश विद्यालयों में 2-3 कमरे ही हैं। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत छात्र शिक्षक अनुपात 40:1 रखते हुए आवश्यक मात्रा में शिक्षकों की व्यवस्था प्रस्तावित की जा रही है तथा इस व्यवस्था के अनुरूप प्रत्येक शिक्षक के लिए एक कक्षा कक्ष की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 5 शिक्षक तथा उनके लिए 5 कक्षा-कक्षों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार हम प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध करा देंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि इन सुविधाओं के अभाव के कारण कोई बच्चा नामांकन से वंचित न रह जाय।

4. <u>विद्यालयीय वातावरण का अनाकर्षक होना :-</u>

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का वातावरण अनाकर्षक होना भी बच्चों के नामांकन का अवरोधक तत्व है। विद्यालयों में पर्याप्त अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही साथ विद्यालय की साज सज्जा के लिए भी व्यवस्था की जायेगी तथा विद्यालय को आकर्षक बनाया जायेगा।

परम्परागत शिक्षण विधियों के स्थान पर नवाचार युक्त बाल केन्द्रित शिक्षण पद्धति के द्वारा विद्यालयीय वातावरण को रोचक व मनोरंजक बनाने का प्रयास किया जायेगा ताकि बच्चे इन विद्यालयों के प्रति आकर्षित हो सकें।

<u>बालिकाओं एवं विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा के विशेष अवसर न होना :-</u>

प्रायः देखा गया है कि अभिभावक लड़कियों को दूर के विद्यालयों में पढ़ने के लिए नहीं भेजते हैं। लिंग भेद सहित अनेक सामाजिक कारण इसके लिए उत्तरदायी हैं। शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता है तब तक कि हम ऐसी बालिकाओं तथा विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रयास नहीं करेंगे। अल्पसंख्यक वर्ग की बालिकाओं में भी सामाजिक एवं धार्मिक कारणों से शाला त्याग की दर अधिक रही है। ऐसी समस्त बालिकाओं के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विशेष शिविर तथा ब्रिज कोर्स के द्वारा शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

शारीरिक रूप से समाज के सम्मुख चुनौती प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए समेकित

शिक्षा के द्वारा विशेष प्रयास किया जायेगा। इस नई विद्या से शिक्षा देने के लिए अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा जिसके लिए जनपद की वार्षिक कार्य योजना में विशेष प्राविधान किया जा रहा है। ऐसी बालिकाएं जिनकी आयु अधिक हो गई है तथा जिन्होंने कभी विद्यालयी शिक्षा प्राप्त नहीं की है, को महिला शिक्षिकाओं द्वारा संचालित विशेष शिविरों में पढ़ाया जायेगा तथा उन्हें जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने की दीक्षा भी दी जायेगी। विकलांग बच्चों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाते हुए विशेषज्ञों की सेवायें भी ली जायेगीं तथा ऐसे बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जायेगा।

ठहराव विषयक समस्या एवं रणनीतियाँ

बच्चों का विद्यालय में नामांकन हो जाने के पश्चात उनका ठहराव न हो पाना शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रमुख अवरोधक तत्व है। विभिन्न समूह चर्चाओं में इस बात पर विचार किया गया कि बच्चों के विद्यालय में ठहराव न होने तथा उनके शाला त्याग करने के पीछे क्या कारण हैं तथा इन कारणों को कैसे दूर किया जा सकता हैं, जो प्रमुख कारण उभरकर सामने आये, वे निम्न है :–

1. शिक्षण पद्धतियों का अप्रासंगित होना :–

वर्तमान परिवेश में शिक्षण पद्धति अप्रासंगिक होने के कारण भी अधिकांश बच्चे विद्यालय छोड़ जाते हैं। अधिकतर विद्यालय में शिक्षक बच्चों को रटाने पर ज्यादा बल देते हैं तथा उन्हें विषय वस्तु के स्रोत के बारे में जानकारी नहीं देते हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्यापकों को प्राथमिक स्तर पर नवीन शिक्षण विधियों का पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा वे इन विधियों का उपयोग कक्षा शिक्षण में कर भी रहे हैं। इन शिक्षकों को प्रतिवर्ष पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता है तथा इसके लिए सर्व शिक्षा अभियान में व्यवस्था की जा रही है। पूर्व माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। इन अध्यापकों को भी नवीन विधियों से शिक्षण कार्य करने के लिए प्रशिक्षित एंव प्रोत्साहित किया जायेगा।

2. शिक्षकों का व्यक्तिगत व्यवहार :–

कभी--कभी शिक्षकों का छात्र विशेष के प्रति व्यवहार भी बच्चों को विद्यालय छोड़ने के लिए प्रेरित कर देता है। अध्यापकों को इस बात का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा कि वे सभी बच्चों से समान एवं प्रेमपूर्वक व्यवहार करें। बच्चे तभी विद्यालय में रूकेंगें जब उन्हें शिक्षक एक दण्डाधिकारी न प्रतीत होकर एक मार्ग दर्शक एवं शुभचिन्तक लगेगा। अध्यापकों को इस बात का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा कि वे बच्चों द्वारा गलतियाँ करने पर किसी भी स्थिति में उन्हें शारीरिक अथवा मानसिक दण्ड न दें तथा उन्हें सुधार करने के लिए धैर्यपूर्वक प्रोत्साहित करें।

शिक्षक का कुशल व्यवहार न केवल बच्चों के विद्यालय में ठहराव को सुनिश्चित करेगा

वरन् उनमें क्षमता विकास का पर्याप्त अवसर उपलब्ध करायेगा। एक व्यवहार कुशल शिक्षक अपने कार्य में समुदाय का भी अपेक्षानुरूप सहयोग प्राप्त करने में सफल होगा।

3. विद्यालयों में अध्यापकों की कमी :-

देखा गया है कि परिषदीय प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों की बेहद कमी है। अधिकांश विद्यालय एकल अध्यापकीय हैं जबकि कुछ विद्यालय तो अध्यापकों के अभाव में बन्द चल रहे हैं। एकल अध्यापकीय विद्यालय अक्सर तब बन्द हो जाता है जब अध्यापक को विभागीय बैठकों में प्रतिभाग करना होता है अथवा गैर विभागीय राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योगदान देना होता है। ऐसी स्थिति में विद्यालय बन्द होने के कारण बच्चे घर बैठ जाते हैं तथा नियमित रूप से विद्यालय आने की उनकी आदत छूट जाती है और इस स्थिति की बारम्बारता के कारण यह बच्चें शाला त्याग कर जाते हैं। कई अन्य विद्यालयों में छात्रों की संख्या के सापेक्ष अध्यापक न होने के कारण सभी बच्चों को नियन्त्रित कर पाना शिक्षक की क्षमता में नहीं होता है। ऐसी स्थिति में या तो शिक्षक स्वयं बच्चों को छोड़ देता है अथवा बच्चों को जब लगता है कि उन्हें विद्यालय में कुछ भी सिखाया नहीं जा रहा है तो वे स्वयं विद्यालय से चले जाते हैं तथा विद्यालय जाने को निरर्थक समझकर शाला त्याग देते हैं।

उपर्युक्त तथ्य की गम्भीरता को देखते हुए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में प्रत्येक 40 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति का लक्ष्य रखा गया है। जनपद की वार्षिक कार्य योजना में जनपद की जनसंख्या वृद्धिदर के अनुरूप आगामी 5 वर्षों में अनुमानित छात्र नामांकन का प्रक्षेपण किया गया है। इस छात्र नामांकन के अनुरूप छात्र-शिक्षक अनुपात 40:1 रखते हुए शिक्षकों की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षकों की यह व्यवस्था शिक्षा मित्र तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के अनुदेशक के रूप में की जायेगी।

पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी विद्यालयों में अध्यापकों की कमीं बच्चों के ठहराव में एक प्रमुख अवरोधक कारक है। पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय में कम से कम एक प्रधान अध्यापक तथा चार सहायक अध्यापकों की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की आवश्यकता के अनुसार अध्यापकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जायेगा। हमारा यह प्रयास निश्चित रूप से बच्चों को विद्यालय में रोक रखने में सहायक सिद्ध होगा।

4. शिक्षा का जीवनोपयोगी न होना :-

अधिकांश बच्चें केवल इसलिए विद्यालय छोड़ देते हैं कि वे तथा उनके अभिभावक

यह समझते हैं कि इस विद्यालयीय शिक्षा का उनके जीवन में कोई सार्थक महत्व नहीं है। जिस समाज में लोग रोजी–रोटी की समस्या से जूझ रहे हैं उनके लिए शिक्षा द्वितीयक तथा तृतीयक प्राथमिकताओं में ही आती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य पर धनार्जन को वरीयता प्रदान की जाती है। शिक्षा से अपवंचित वर्ग के ये लोग अपने बच्चों को विद्यालय न भेजकर उनसे मजदूरी कराना अधिक श्रेयस्कर तथा उचित समझते हैं। समूह चर्चाओं में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि जब तक शिक्षा को रोजगार परक तथा व्यवसायोन्मुख नहीं बनाया जायेगा तब तक ऐसे वर्ग के लोगों को समझाना एक दुरूह एवं दुष्कर कार्य होगा। चूंकि इन बच्चों के अधिकांश अभिभावक भी अशिक्षित हैं। अतः शिक्षा के दूरगामी परिणाम से यह अवगत नहीं है।

अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत यह व्यवस्था की जा रही है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ा जाये बच्चों को व्यवसाय परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विशेष केन्द्र खोले जायेगें। योजना के प्रारम्भिक चरण में प्रत्येक विकास खण्ड के केन्द्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा केन्द्र संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे क्षेत्रों में जहाँ बालिकाओं के शाला त्याग की दर अधिक है अथवा जहाँ अधिक उम्र की बालिकाएं किसी आर्थिक, समाजिक कारण से विद्यालय नहीं जा सकी हैं, उन क्षेत्रों में किशोरियों के लिए विशेष ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजित किये जायेगें तथा ब्रिज कोर्स के माध्यम से उनमें क्षमता विकास के प्रयास किये जायेगें। इन बालिकाओं को उनकी दक्षता के अनुरूप कभी भी, किसी भी कक्षा में प्रवेश दिलाकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा।

सम्प्राप्ति विषयक समस्यायें एवं रणनीतियाँ

1. शिक्षण अधिगम सामग्री की कमी :–

अधिकांश विद्यालयों में शिक्षण अधिगम सामग्री का अभाव बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अवरोध करता है। जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक अनुदान निधि के रूप में रू0 500/– प्रतिवर्ष प्रदान किये जाते रहे हैं। अध्यापकों ने इस धनराशि का उपयोग यथा आवश्यकता शिक्षण अधिगम सामग्री क्रय करने अथवा बनाने में किया है। जिसके फलस्वरूप प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, किन्तु पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अभी भी शिक्षण अधिगम सामग्री का अभाव है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षकों को शिक्षण अधिगम सामग्री के लिए रू0 500/– प्रतिवर्ष शिक्षक अनुदान निधि के रूप में उपलब्ध कराने की योजना है। इस व्यवस्था से विद्यालयों में सहायक सामग्री की व्यवस्था की जा सकेगी तथा बच्चों की सम्प्राप्ति में सुधार किया जा सकेगा।

2. शिक्षकों को विषय की पर्याप्त जानकारी न होना :--

प्रायः देखा गया है कि अध्यापक प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर अध्यापन से पूर्व तैयारी नहीं करते हैं तथा विषय को बहुत ही हल्के ढंग से लेते हैं। अक्सर अध्यापक कहते हैं कि प्राइमरी स्तर के लिए कौन से अधिक ज्ञान की आवश्यकता है और वे कक्षा में जाने से पहले स्वयं अध्ययन नहीं करते हैं। जिसका परिणाम बच्चों की सम्प्राप्ति में कमी के रूप में सामने आता है। किसी भी विषय को बच्चों को सिखाने से पहले उसके बारे में सम्पूर्ण जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए समस्त शिक्षकों को उनके विषय की पुस्तकों का एक सेट देना आवश्यक है। जिससे कि वे स्वयं अध्ययन करके बच्चों को पढ़ा सकें। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों को प्रतिवर्ष पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण दिये जाने की योजना बनाई गई है। इस प्रशिक्षण में अध्यापकों को शिक्षण विधियों के साथ-साथ भाषा तथा गणित शिक्षण के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को एकेडमिक सपोर्ट देने हेतु ब्लाक समन्वयक, सह समन्वयक, न्याय पंचायत समन्वयक तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के रूप में एक संगठित् तंत्र पहले से ही स्थापित है। इसी तंत्र के द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों को भी शैक्षिक समर्थन दिये जाने की योजना की जा रही है।

3. अध्यापक-अभिभावक समन्वय में कमी :-

बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता न होने का एक प्रमुख कारण है -- अध्यापक अभिभावक समन्वय में कमी। प्रायः देखा जाता है कि अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजकर अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेते हैं। अधिकांश अभिभावक इस बात के लिए जिज्ञासु नहीं होते हैं कि उनका बच्चा विद्यालय में जाकर क्या करता है। वह शिक्षण में रूचि लेता है अथवा नहीं उसका व्यवहार सहपाठियों तथा शिक्षकों के प्रति कैसा है यदि कभी कोई छात्र अथवा अध्यापक उनको बच्चे के बारे में जानकारी देता है तभी वे उसके आचरण के बारे में जान पाते हैं। अधिकतर अभिभावक बच्चों के सम्प्राप्ति स्तर पर ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण अध्यापक भी उत्तरदायित्व नहीं समझते हैं तथा विद्यालय का शैक्षणिक स्तर अधोमानक होता जाता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इस तथ्य पर विशेष बल दिया जायेगा कि छात्रों तथा शिक्षकों के मध्य एवं शिक्षकों तथा अभिभावकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। जनपद में ग्राम स्तर पर पहले से ही ग्राम शिक्षा समितियों का गठन किया जा चुका है तथा यह समितियाँ शिक्षा सुधार के लिए प्रयासरत् है। जनपद की इस नवीन कार्य योजना में शिक्षक अभिभावक संघ तथा माता शिक्षक संघ की स्थापना की जायेगी। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक विद्यालय में प्रत्येक माह ग्राम शिक्षा समितियों की बैठक के साथ-साथ शिक्षक अभिभावक संघ तथा माता अभिभावक संघ की भी नियमित बैठकें आयोजित की जाये। इन बैठकों में बच्चों के

सम्प्राप्ति स्तर के बारे में चर्चा की जायेगी तथा समुदाय के सुझाव एवं सहयोग के द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। इन बैठकों की कार्यवाही विद्यालय स्तर पर सुरक्षित अभिलेख के रूप में संरक्षित की जायेगी तथा विभागीय अधिकारियों के द्वारा इनका नियमित पर्यवेक्षण व अनुश्रवण किया जायेगा। इन बैठकों में प्राप्त सुझावों को यथा सम्भव विद्यालयों में क्रियान्वित करने के लिए अध्यापकों को निर्देशित किया जायेगा। इन सब गतिविधियों के द्वारा विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शैक्षिक वातावरण सृजित किया जा सकेगा तथा कोई कारण नहीं होगा कि हम बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त न कर सके।

4. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की कमी :–

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की व्यवस्था वर्ष 2001 से लागू की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत बच्चों के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को 6 भागों में विभाजित कर, प्रत्येक माह पृथक–पृथक तथा समेकित रूप से भी मूल्यांकन कराने की योजना बनायी गई है। इस योजना में बच्चों से लघु उत्तरीय, अतिलघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेगें। बच्चों से पूछे जाने वाले यह प्रश्न ज्ञानात्मक, बोधात्मक तथा अनुप्रयोगात्मक तथा वार्षिक परीक्षा का भी प्राविधान किया गया है। इन सभी परीक्षाओं के अंकों का योग करते हुए बच्चे का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।

सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की यह विद्या पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी प्रयोग में लायी जायेगी जिससे कि बच्चों को सिखायें जा रहे विषयों की सम्प्राप्ति के बारे में शिक्षकों तथा अभिभावकों को नियमित जानकारी होती रहे और यथा आवश्यकता अनुसार शिक्षण विधियों में परिवर्तन कर बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जा सके।

जनपद शाहजहाँपुर में बच्चों के नामांकन, ठहराव तथा सम्प्राप्ति सम्बन्धी उपर्युक्त समस्यायें समूह चर्चाओं के माध्यम से निकलकर सामने आई। समुदाय से प्राप्त सुझावों का स्वागत करते हुए निदान के रूप में उनका प्रयोग किया जायेगा। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन उपायों को लागू करते हुए हम बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगें तथा शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को वर्ष 20   तक निश्चित रूप से प्राप्त कर सकेगें।

अध्याय — 6

शिक्षा की पहुँच का विस्तार–1

प्राथमिक स्तर पर नवीन प्राइमरी स्कूलों की आवश्यकता

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम वर्ष 1997 से चलाया जा रहा है तथा इसके अन्तर्गत अभी तक 437 नवीन विद्यालयों की स्थापना की जा चुकी है,

1 कि.मी. की दूरी पर शिक्षा केन्द्र खोलने की आवश्यकता है जिनमें कक्षा 1 व 2 की शिक्षा देकर बालकों को मुख्य धारा के विद्यालयों में प्रवेश दिला दिया जायेगा ऐसे क्षेत्रों का चयन कर लिया गया है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रगति

संस्था	1997	2001	2002	2002
प्रा. वि. (स्थापित)	1539	1941	[illegible]	[illegible]
अनौ. शिक्षा / वैकल्पिक शिक्षा / ई. जी. एस. केन्द्र	800	339	[illegible]	[illegible]

उच्च प्राथमिक स्तर पर नवीन विद्यालय

यद्यपि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रति 2 प्राथमिक विद्यालयों पर 1 [illegible] की स्थापना की महत्तम सीमा है। इस मानक को प्राप्त करने के लिए जनपद में [illegible] माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना करनी होगी। किन्तु जनपद शाहजहाँपुर में [illegible] करने का प्रस्ताव नहीं किया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक 800 की आबादी [illegible] 3 कि.मी. की दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना का लक्ष्य रखा [illegible] अनुसार जनपद में 95 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना होगी।

जनपद में विकास खण्डवार उच्च प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता निम्न प्रकार होगी।

	ब्लाक का नाम	उच्च प्राथमिक विद्यालय की सं0
1.	भावलखेड़ा	05
2.	ददरौल	04
3.	काँट	05
4.	सिंधौली	03
5	पुवायाँ	03
6.	बण्डा	05
7.	खुटार	05
8.	निगोही	10
9.	तिलहर	10
10.	जैतीपुर	12
11.	कटरा–खुदागंज	08
12.	जलालाबाद	10
13.	मिर्जापुर	08
14.	कलान	07
	योग	95

उच्च प्राथमिक स्तर प्रत्येक विद्यालय के लिए एक प्रधानाध्यापक तथा चार सहायक अध्यापकों सहित कुल पाँच अध्यापकों की व्यवस्था की जानी है। इन चार अध्यपकों में से एक विज्ञान/गणित अध्यापक तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु 50 प्रतिशत महिला शिक्षिका की अनिवार्य व्यवस्था की जायेगी।

विद्यालय की साज सज्जा

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने के उद्देश्य से मानक के अनुरूप साज–सज्जा सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी। विद्यालयों की साज--सज्जा का उत्तरदायित्व ग्राम शिक्षा समिति को प्रदान करने का प्रस्ताव है। ग्राम शिक्षा समिति को इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे उसके सदस्य विद्यालय तथा बच्चों की आवश्यकता के अनुसार टाट पट्टी, श्यामपट, मेज, कुर्सी, अध्यापकों के लिए अलमारी, बाक्स, पंजिकायें, खेल सामग्री, पुस्तकालय हेतु पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय कर सकेंगे।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लकड़ी का सामान, मेज, कुर्सी, विज्ञान किट, गणित किट, शिक्षण अधिगम सामग्री, खेल सामग्री, पुस्तकालयों हेतु पुस्तकें आदि क्रय की जायेगी। इन सब की व्यवस्था भी ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी तथा आवश्यकता अनुरूप समुदाय का भी सहयोग लिया जाएगा।

नवीन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय एवं चारदीवारी की व्यवस्था :

जनपद में स्थापित किए जाने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की

व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। पेयजल हेतु उत्तर प्रदेश जल निगम तथा यू.पी. एग्रो. के माध्यम से इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प स्थापित कराये जायेगें तथा शौचालयों की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति को धन उपलब्ध कराकर उसके माध्यम से करायी जायेगी। छोटे बच्चों तथा बालिकाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय प्रांगण को सुरक्षित एवं सुसज्जित करने के उद्देश्य से चारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए भी ग्राम शिक्षा समिति को कार्यदायी संस्था बनाया जाएगा।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना लागत में कमी लाने की व्यवस्था :

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद में जिन नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना प्रस्तावित है, उनकी लागत में कमी लाने के उद्देश्य से यदि इन नवीन विद्यालयों को पूर्व से ही संचालित प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में स्थापित किया जाए अथवा उनमें एकीकृत कर दिया जाए तो इन विद्यालयों में पूर्व से ही उपलब्ध अवस्थापना सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है। इस व्यवस्था से नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना लागत में कमी की जा सकती है हैण्डपम्प, शौचालय तथा चारदीवारी आदि के मद में व्यय की जाने वाली बड़ी धनराशि की बचत की जा सकती है।

नवीन प्राथमिक विद्यालय साज–सज्जा :–

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने तथा विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मानक के अनुसार निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस उपलब्ध धनराशि का उपयोग ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जायेगा। इस धनराशि से निम्नलिखित सामग्री को क्रय किया जायेगा। मेज, कुर्सी, बाल्टी, घण्टा, लोटा, गिलास, टाटपट्टी, अलमारी, सन्दूक, श्यामपट्ट, कूड़ादान, म्यूजिकल इक्वेप्मेन्ट (ढोलक,मजीरा,हारमोनियम,रिंग,गेंद,कूदने की रस्सी, हत्था युक्त कूदने की रस्सी) कक्षा शिक्षण सामग्री (गणित किट,विज्ञान किट,मानचित्र,शैक्षिक चार्ट, ग्लोब,शब्दकोष,ज्ञान कोष,खिलौने,बौद्धिक खेलकूद के ब्लाक आदि) उक्त सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी, किन्तु ग्रामीण अंचलों में विज्ञान किट, गणित किट, सुलभता से उपलब्ध नहीं हो पाते है, इसलिए इनकी व्यवस्था जनपदीय क्रय समिति के माध्यम से करायी जायेगी।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय साज–सज्जा :–

ग्राम शिक्षा समिति को मानक के अनुसार धनराशि प्रेषित की जायेगी। इस धनराशि से निम्नलिखित सामग्री को क्रय किया जायेगा। मेज, कुर्सी, बाल्टी, लोटा, गिलास, घण्टा, कूड़ादान, म्यूजिकल इक्यूप्मेन्ट (ढोलक,मजीरा,हारमोनियम,बांसुरी आदि) क्रीड़ा सामग्री (फुटबाल, वालीबाल, स्कीपिंग से हवा भरने का पम्प,क्लास रूम में टीचिंग मैटीरियल,गणित किट विज्ञान किट,मानचित्र,शैक्षिक चार्ट,ग्लोब,ज्ञान कोष,टू इन वन, आदि तथा शिक्षक सहायक सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी।)

शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकता हेतु सर्वेक्षण :–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अभी तो राजकीय मानक के अनुसार 300 की आबादी तथा 1.5 कि.मी. की दूरी को आधार मानते हुए प्राथमिक विद्यालय तथा 800 की आबादी व 3 कि.मी. की दूरी को आधार मानते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। आवश्यकतानुसार प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के अनुपात को 2:1 के अनुसार करने का प्रयास किया जाएगा। बच्चों की आवश्यकताओं का आंकलन सर्वेक्षण के आधार पर ही हो सकता है। अतः प्रति वर्ष एक व्यापक सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता होगी। इस सर्वेक्षण के द्वारा विद्यालय की भौतिक सुविधाओं का आंकलन एवं शैक्षिक सुधार की प्रगति जानने का प्रयास किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के आधार पर आगामी वर्ष की कार्य योजना में आवश्यकतानुसार व्यवस्था की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य के लिए रू0 2,00,000 प्रति वर्ष का वित्तीय प्रावधान रखा गया है।

विद्यालय निर्माण कार्य का तकनीकि पर्यवेक्षण :–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय भवन, शौचालय, चारदीवारी, हैण्ड पम्प आदि आधारभूत संसाधनों का तकनीकी पर्यवेक्षण विकास खण्ड पर उपलब्ध ग्रामीण अभियंत्रण सेवा/लघु सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं से कराया जाएगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्था का विवरण अध्याय–10 परियोजना क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में दिया गया है।

विकास खण्डवार प्रस्तावित बस्तियों की सूची

(पूर्व माध्यमिक विद्यालय)

1. विकास खण्ड भावलखेड़ा

1.	दिलावरपुर ता0 शाहगंज	7.	आटा बुजुर्ग
2.	जलालपुर ता0 गुर्री	8.	हथौड़ा बुजुर्ग
3.	मुकरमपुर	9.	कटियाकम्पू
4.	दिउरिया	10.	बरनई
5.	बरमौला अर्जुनपुर	11.	बरतारा
6.	चौढ़ेरा		

2. विकास खण्ड ददरौल

1. पिपरौला
2. कपेड़ कटका
3. लक्ष्मीपुर
4. इकन्नौरा
5. काशीनगर
6. सपत्यारा
7. अकर्रा रसूलपुर
8. पर्वतपुर
9. बरेंग
10. जागीर
11. पसगवाँ
12. गुलामखेड़ा
13. कपसेड़ा
14. घुसुवारी
15. गोवरसण्डा
16. पंथी
17. नंदगोई
18. कुरसेली
19. अमोरा
20. गंधार
21. फत्तेपुर
22. देवकली
23. गभौली
24. कपूरपुर
25. रसूलपुर चढ़िया

3. विकास खण्ड काँट

1. त्रिलोकपुर
2. कुनिया जमालपुर
3. इन्देपुर
4. नवादा रूद्रपुर
5. उदैया
6. ढकरी खुर्द
7. लश्करपुर
8. फाजिलपुर
9. झपका दिलावरपुर
10. जरावन
11. सैजनार आमखेड़ा
12. बमरौली
13. नगला दमन
14. पथरा खास
15. भैंसरा कलाँ
16. भण्डेरी
17. नगला बनवारी
18. पुरेना
19. दिलावरपुर
20. बवकरपुर
21. डूँगरपुर
22. गुरथना
23. उमरहा
24. इमलिया
25. भिटौली
26. भानपुर
27. भुड़िया
28. निकरा
29. पल्हौरा
30. मरेना
31. रिकरखेन
32. बारारवेड़ा

4. विकारा खण्ड सिंघौली

1. पनवाड़ी
2. अख्तयारपुर
3. रखिपुर बुजुर्ग
4. भुर खेड़ा
5. नगरिया प्रयागपुर
6. दीवाली
7. कलन्दरगंज
8. लघौला
9. घाटबोझ
10. महुराइन
11. सहेली
12. महासिर
13. बढ़ेला
14. बबरा
15. रक्शा
16. चाँदा
17. उमरिया
18. खेरिया पाठक
19. चक कन्हऊ
20. कटौल
21. कमलापुर
22. चेना रूरिया
23. सहौरा
24. कलुआपुर
25. मियांपुर
26. सेखूपुर
27. गरगइया त्रिलोकपुर
28. गोरारायपुर
29. रामपुर ताहरपुर
30. रेहरिया
31. उल्लिया
32. कोरों कुइआं
33. महमूदपुर
34. जमुनिया
35. शहजादपुर
36. महाऊ महेश

5. विकारा खण्ड पुवायाँ

1. फूटाफुंआ
2. भटियापुरिया बुजुर्ग
3. घनश्यामपुर खुर्द
4. महुआ पाठक
5. बड़ा गाँव
6. मुड़िया वैश्य
7. इटौली
8. पुरेना
11. मल्लेवपुर बुजुर्ग
12. रसूलपुर बुजुर्ग
13. गुलौली
14. चठिया भर्सण्डा
15. सिंघापुर
16. रजनाथपुर
17. वितौनी
18. बसखेड़ा बुजुर्ग

6. विकास खण्ड बण्डा

1. लुकमानपुर बहेड़ा
2. गुड़िया छावन
3. रनभरतपुर
4. कन्धरपुर
5. [illegible]
6. गुलड़िया भूपसिंह
7. भंवर खेड़ा
8. मकसूदपुर
9. डुंडला पिपरिया

7. विकास खण्ड खुटार

1. कजरी निरन्जनपुर
2. कुइयां
3. जोगराजपुर
4. हमीरपुर
5. मोहनपुर
6. खमरिया गदियाना
7. गढ़िया सरेली
8. गोरा
9. रामपुर बिचपुरी
10. रामपुर कलां
11. हरिनहाई
12. जादौपुर कलां
13. पटिहन
14. पिपरा मुजफ्ता
15. महुआ गुन्दें
16. चत्तीपुर
17. रजागना

8. विकास खण्ड निगोही

1. भरतापुर
2. जेवा मुकुन्दपुर
3. विक्रमपुर
4. अजीजपुर
5. अर्जुनपुर
6. खरिया पश्चिम
7. बनाश देवी
8. वजीरपुर
9. डण्डिया
10. रटी
11. खरगापुर
12. चक बर्कोनिया
13. बालगाँव
14. गिरगिचा
15. पनतेखरा
16. राहतेपुर
17. ऐंठापुर
18. गांगेपरा
19. पिपरिया उदयभानपुर
20. ऊनकलां

9. विकास खण्ड तिलहर

1. जोधपुर नवदिया
2. बाबूपुर नगरिया
3. बन्धा
4. रूजिवारी –
5. आजमाबाद
6. हरिहरपुर
7. सरेली
8. गुड़ेली
9. खण्डसार
10. सलेमपुर
11. चावर खास
12. दोषपुर
13. अहियापुर
14. सिरसिंगपुर
15. अमनपुर
16. उभौरा
17. आलमपुर

10. विकास खण्ड जैतीपुर

1. भनपुरा
2. बंडिया कलां
3. नगाना
4. छेदा पट्टी
5. कुंआ डांडा
6. मिटारा
7. मलरिया मिर्जापुर
8. अमरेडी
9. कन्नानी
10. गोविन्दपुर
11. मथाना
12. रसेलन

11. विकास खण्ड कटरा–खुदागंज

1. ईश्वरा
2. हटौउआ
3. मकरन्दपुर
4. सीदापुर
5. हसनापुर
6. कोठाखेतल
7. पुरांव
8. जिगनियाँ
9. हरिहरपुर
10. मधुपुरी
11. कमलापुर
12. खिरिया
13. गैली
14. बमिहाना
15. भुण्डी

12. विकास खण्ड जलालाबाद

1. उमरसड़
2. मगटोरा
3. शाहपुर
4. हरेवा
5. जिगनेरा
6. तिकोला
7. मनोरतपुर चौक
8. याकूबपुर
9. सिकन्दरपुर अफगानान
10. बझेड़ा
11. कनवारी चौंक
12. दहेना
13. भरथौली
14. इमलिया
15. रावतपुर
16. जेरा रहीमपुर
17. नगला हलू
18. रमापुर बझेड़ा
19. निंधौल

13. विकास खण्ड मिर्जापुर

1. फगौही
2. पहरूआ कला
3. मैकूर्द कला
4. वज़ीर गंज
5. सराय बानगाँव
6. सुनहरा
7. अस्तौली
8. गढ़िया
9. हैदलपुर
10. चिकटिया
11. बख्तयार गंज
12. माकूतपुर
13. पृथ्वीपुर ढ़ाई
14. नगला पिपारिया
15. सादिकपुर
16. पिहुआ

14. विकास खण्ड कलान

1. भुन्नी खेड़ा
2. कुठिला
3. इकौना शिवपुरी
4. गंजन भगवा
5. जुही
6. गुल्लहा
7. सथरा
8. हेतमपुर
9. लखनपुर
10. कुदरासी
11. गंगोरा
12. पटना देवकली
13. लक्ष्मनपुर
14. नया गाँव
15. धर्मपुर

नोट :- उपर्युक्त असेवित बस्तियों की सूची में से ही 95 असेवित बस्तियों में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जायेगी।

वर्ष वार प्रस्तावित नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय

वर्षवार	2001–02	02–03	03–04	04–05
नवीन उ0प्रा0 वि0	–	33	95	NIL

[illegible]खण्ड	क्र0सं0	विद्यालय का नाम	निर्माण वर्ष	[illegible]	क्रमांक	विद्यालय का नाम	[illegible]
[illegible]	1	प्रा0वि0 सण्डाखास	1948				
	2	" " भरी बसन्तपुर	1947				
	3	" " निगोही प्रथम	1916				
	4	" " निगोही द्वितीय	1962				
	5	" " हथगाँव	1962				
	6	" " गुरगावाँ	1962				
	7	" " [illegible]	1972				
	8	" " गटिउरा प्रथ्वीपुर	1972				
	9	" " परसौना सलीलपुर	1972				
[illegible]	10	" " बण्डा द्वितीय	1926				
"	11	" " गुरसण्डा रायपुर	1940				
"	12	" " चरखी देवरी	1936				
"	13	" " रायटाडा	1956				
"	14	" " उदरा-टिकरी	1926				
"	15	" " बनगवाँ	1961				
"	16	" " बण्डा प्रथम	1926				
"	17	" " जमुनिया नवदिया	1965				
"	18	" " देवकली द्वितीय	1950				
[illegible]	19	" " तिहार खेड़ा	1975				
"	20	" " आराकला	1902				
"	21	" " पटना देवकली	1910				
"	22	" " विक्रमपुर	1950				
रसूलगंज	23	" " कमलापुर	1968				
"	24	" " औलियापुर	1972				
"	25	" " [illegible]	1972				
"	26	" " हरदनी	1972				
"	27	" " सुराही	1972				
[illegible]	28	" " फतेपुर बुजुर्ग	1960				
"	29	" " बिलसण्डी बुजुर्ग	1955				
"	30	" " कोप	1965				
"	31	" " हरना नगला	1960				
"	32	" " महुआ पाठक	1960				
"	33	" " सुजानपुर	1955				
"	34	" " [illegible]	1952				
"	35	" " टहरी बुजुर्ग	1952				

अध्याय – 7

शिक्षा की पहुँच का विस्तार–2

पृष्ठ भूमि :

जनपद शाहजहाँपुर में विगत 5 वर्षों से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के साथ–साथ जनपद के कुल 14 विकास खण्डों में से 8 विकास खण्डों में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम भी चलाया जा रहा था। यह कार्यक्रम अब समाप्त कर दिया गया है पढ़ने की आयु वाले हर बच्चे को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय अथवा शिक्षा केन्द्र उसकी पहुँच के अन्दर हो, ये विद्यालय औपचारिक अथवा अनौपचारिक दोनों ही प्रकार के हो सकते हैं। अनौपचारिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत 6–11 वय वर्ग के ऐसे बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है जहाँ विद्यालय नहीं थे अथवा बच्चों को विभिन्न सामाजिक, आर्थिक कारणों से शाला त्याग करना पड़ रहा था जनपद शाहजहाँपुर के 8 विकास खण्डों में 100 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र प्रतिवर्ष संचालित किये जा रहे थे। इन केन्द्रों में दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात् बच्चे में कक्षा 5 की योग्यता अर्जित करा दी जाती थी। दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात् इन बच्चों को कक्षा 6 में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ दिया जाता था।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण की दृष्टि से इस कार्यक्रम से महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की गई किन्तु जिस आशा और आकांक्षा के साथ इस योजना का क्रियान्वयन किया गया उसे प्राप्त करने में यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल नहीं रहा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से स्वयं सेवकों के ऊपर निर्भर था और इन स्वयं सेवकों को अत्यल्प मानदेय प्रदान किया जाता था। किन्तु फिर भी इन स्वयं सेवकों ने इस योजना के अन्तर्गत सराहनीय प्रयास किया और ऐसे असंख्य बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जो कि औपचारिक विद्यालयों के न होने के कारण अशिक्षित तथा निरक्षर रह जाते।

यद्यपि जनपद शाहजहाँपुर में विगत 5 वर्षों से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा 437 नवीन विद्यालयों की नितान्त आवश्यकता है। किन्तु इन बस्तियों की दूरी 1.5 किसी से कम होने के कारण इन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। शिक्षा की यह वैकल्पिक व्यवस्था उन बच्चों के लिए भी करनी होगी जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं जो चलकर विद्यालय तक नहीं जा सकते अथवा जो बच्चे मन्द बुद्धि अथवा कम

श्रवण शक्ति वाले हैं। हमें उन बालिकाओं के लिए भी वैकल्पिक शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी जो विभिन्न सामाजिक आर्थिक कारणों से विद्यालय नहीं जा पाती अथवा शाला त्याग देती है। अल्पसंख्यक वर्ग की कुछ बालिकायें सामाजिक धार्मिक कारणों से औपचारिक विद्यालय नहीं जा पाती हैं। उनके लिए भी वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था करनी होगी। जनपद शाहजहाँपुर में अनौपचारिक शिक्षा व्यवस्था समाप्त हो जाने के पश्चात् इसके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था करना नितान्त आवश्यक हो गया है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपर्युक्त वर्णित श्रेणी के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा गारन्टी योजना/वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा कार्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव किया जाता है।

विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या

शाहजहाँपुर

क्र०सं०	विकास खण्ड का नाम	6–11 आयु वर्ग			11–14 आयु वर्ग			कुल योग
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	
1.	भावलखेड़ा	2287	2757	5044	1054	1323	[illegible]	7421
2.	ददरौल	2074	2521	4595	954	1118	2072	6667
3.	काँट	1088	1275	2363	626	716	1342	3705
4.	कलान	4421	3692	8113	1390	1261	2651	10764
5	मिर्जापुर	1725	1663	3388	871	819	1690	5078
6.	जलालाबाद	4931	4127	9058	1800	1818	3618	12676
7.	तिलहर	1817	1834	3651	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
8.	निगोही	1696	2046	3742	639	600	1239	4981
9.	जैतीपुर	1500	1755	3255	834	738	1572	4827
10.	कटरा–खुदागंज	2400	1916	4316	391	[illegible]	[illegible]	5008
11.	पुवायाँ	1260	1129	2397	178	383	561	2958
12.	सिंधौली	1799	2329	4128	730	851	1581	5709
13.	खुटार	2495	2406	4901	681	972	1653	6554
14.	बण्डा	1800	1788	3588	264	395	659	4247
15.	नगर क्षेत्र शाहजहाँपुर	272	272	549	205	179	384	933
16	नगर क्षेत्र तिलहर	969	823	1792	480	[illegible]	[illegible]	[illegible]
	योग	32547	32333	64880	11564	12258	24722	89602

स्रोत : [illegible]

वैकल्पिक एंव नवाचार केन्द्रों का स्वरूप :–

जनपद शाहजहाँपुर में जिन स्थानों में शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत वैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। वहाँ इन केन्द्रों का समय प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार किसी भी समय लगातार 4 घण्टे तक रखा जाएगा।

अनुदेशक का चयन :–

इन केन्द्रों में कार्य करने वाला अनुदेशक यथा सम्भव उसी स्थान एवं समुदाय का होगा जहाँ पर शिक्षा गारण्टी/केन्द्र/वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना है। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर बिल्कुल निकट के गाँव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है। आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल होगी। इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वयंसेवक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। इसका चयन ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा किया जाएगा। प्राथमिक स्तर पर चयनित स्वयंसेवक को आचार्य जी कहा जाएगा। आचार्य जी को आमन्त्रण पत्र ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जाएगा। इनका कार्य सन्तोषजनक न हों की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की बैठक में 2/3 के बहुमत से प्रस्ताव पारित कर इन्हें हटाया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

नगर क्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र में अनुदेशक का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित वार्ड का सभासद तथा नगर क्षेत्र के वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक की संयुक्त समिति द्वारा किया जाएगा।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित एवं सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीय जन समुदाय को शिक्षा स्वयं सेवकों के चयन के सम्बन्ध में पर्याप्त जानकारी हो गयी है। ग्राम शिक्षा

समिति प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपर्युक्त व्यक्तियों की सूची बनायी गयी तथा चयन कर उसे आमन्त्रण पत्र निर्गत करेगें। उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिए आवेदक की न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष होगी। जहाँ पर स्नातक अभ्यार्थी उपलब्ध न हों वहाँ पर इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला का चयन किया जा सकता है।

अनुदेशक का प्रशिक्षण :–

शिक्षा स्वयं सेवक का 30 दिन का प्रशिक्षण डायट अथवा बी0आर0सी0 पर आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण डायट के वरिष्ठ प्रवक्ताओं, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, ब्लाक रिसोर्स पर्सन तथा सन्दर्भ व्यक्तियों के माध्यम से दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु रू0 1500/– की दर से जिला परियोजना कार्यालय द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लाक संसाधन केन्द्र को भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में स्वयं सेवक को मानदेय के रूप में कोई धनराशि अथवा यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

मानदेय वितरण :–

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र/नवाचार शिक्षा केन्द्र में चयनित प्रत्येक स्वयं सेवक को प्राथमिक स्तर पर रू0 1000/– मासिक देय होगा। यह धनराशि जिला परियोजना कार्यालय द्वारा सम्बन्धित ग्राम शिक्षा समिति के खाते में अन्तरित कर दी जाएगी, जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा स्वयं सेवक को भुगतान कर दिया जाएगा। नगर क्षेत्र में संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के स्वयं सेवकों के मानदेय का भुगतान नगर शिक्षा अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से उसको सभासद/प्रधानाध्यापक के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित की जाएगा। तत्पश्चात् [illegible] सम्बन्धित स्वयं सेवक को भुगतान किया जाएगा।

पर्यवेक्षण :–

शिक्षा गारण्टी एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के सफल संचालन [illegible]
[illegible]

ब्लाक रिसोर्स सेक्टर/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा किया जायेगा। नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक/नगर प्रोग्राम आफिस/नगर रिसोर्स पर्सन/सहायक शिक्षा अधीक्षक/जनपद नगरीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र प्रभारी/बी0आर0सी0 प्रभारी द्वारा अनुदेशकों की मासिक बैठकें भी ली जायेगी। जिसमें ब्लाक आफिसर/रिसोर्स पर्सन/सा0 बेशि0 अधिकारी/जिला बेसिक अधिकारी/उप बेसिक शिक्षा अधिकारी भी समय-समय पर इन बैठकों में अनुश्रवण करते रहेगे। निकटस्थ प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों का भी यह कर्तव्य होगा कि वे लगातार इन केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहेगें, ग्राम शिक्षा समिति अपितु विकास खण्ड केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहेगें न केवल ग्राम शिक्षा समिति अपितु विकास खण्ड स्तरीय समिति के पदाधिकारियों को अपनी आख्याओं से अवगत कराते रहेगें।

ग्राम शिक्षा समिति भी नियमित रूप से इन केन्द्रों के संचालन पर नजर रखेगी और समय-समय पर अपने सुझाव अनुदेशक/अनुदेशिका को देगी। डायट में डी0आर0यू0, प्रभारी एवं अधीनस्थ सभी अभिकर्मी भी इन केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण करेगे। पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्रणाली के द्वारा किया जायेगा ताकि सार्वभौमीक पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सके।

निःशुल्क शिक्षण सामग्री :-

प्रत्येक शिक्षा केन्द्रों को साज--सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु आवश्यक धनराशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के खाते में सीधे स्थानान्तरित की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति निर्धारित सामग्री बाजार मूल्य पर आवश्यकतानुसार क्रय करके केन्द्र अनुदेशकों को उपलब्ध करायेगी। शिक्षा केन्द्रों पर नामांकित सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी तथा इस धनराशि का समायोजन शिक्षण सामग्री मद (रू0 845/- प्राथमिक तथा 1200/- उच्च प्रा0) शिक्षण सामग्री मद का 6 प्रतिशत राज्य/जनपदीय प्रबन्धन हेतु क्रय किया जायेगा।

शिक्षा गारण्टी योजना/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें ही सम्प्राप्ति उपयोग में लाई जायेगी।

छात्र/छात्राओं का मूल्यांकन :–

अनुदेशक द्वारा वैकल्पिक एंव शिक्षा गारण्टी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों का सतत् एवं नियमित मूल्यांकन किया जायेगा। इसके लिए अनुदेशक द्वारा दैनिक सामग्री तैयार की जायेगी। बच्चों का तिमाही, छमाही तथा वार्षिक मूल्यांकन मौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा तथा यह प्रयास किया जायेगा कि वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चा शीघ्र औपचारिक विद्यालय की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसके लिए वह योग्य हो, किसी भी समय प्रवेश पा जाये। अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उनके केन्द्र पर पढ़ने वाले बच्चे शीघ्र अति शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में प्रवेश पाते रहे। इसी परिप्रेक्ष्य में अनुदेशक का मूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति/विकास खण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। अनुदेशकों द्वारा बच्चों के अध्ययनरत अवधि में उनके व्यवहारिक स्तर में आये सुधार से अभिभावकों एंव ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा।

केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चे निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेंगे, उनकी परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के आधार पर निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा करायी जायेगी।

वर्षवार प्रस्तावित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र

सारिणी – 7.3

वर्षवार	01–02	02–03	03–04	04–05	05–06	06–07			
विद्या केन्द्र	–	71	179	350	350	250			
ज्ञान केन्द्र	–	64	–	–	–	–			
ज्ञानशाला	–	140	–	–	–	–			
ब्रिज कोर्स	–	1	126	126	126	126			
समर कैम्प	–	30	30	30	30	30			

परिवार सर्वे के अनुसार 89002 बच्चें विभिन्न कारणों से विद्यालय नही जा रहे है। सर्वे के अनुसार मुख्य रूप से घरेलू कार्य में लगा रहता भाई बहनों की देखभाल में लगे रहने के कारण विद्यालय नही आ रहे है। यह निम्न सारणी से स्पष्ट है।

विद्यालय न आने वाले बच्चों का विवरण

क्रमांक	कारण	बालक	बालिका	योग
1.	घरेलू कार्य	20167	23985	44152
2.	मजदूरी	3669	2172	6141
3.	भाई बहनों की देखभाल	8301	9055	17356
4.	विद्यालय दूर होना	2053	2125	4178
5.	अन्य	9621	7554	17175
	योग	44111	44891	89002

[illegible] रणनितियां जिला परियोजना समिति द्वारा प्रस्तावित की गयी है।

घरेलू कार्य में लगे बच्चों ऐसे बच्चे जो अपने घर के कार्य में लगे रहते है को विद्यालय में लाने हेतु ब्रिज कोर्स तथा समर कैम्प चलाने जैसी व्यवस्था की गयी है।

क्रम	ब्रिज कोर्स	2003-04		2004-05		2005-06		2006-07	
		संख्या	बच्चें	संख्या	बच्चें	संख्या	बच्चें	संख्या	बच्चें
1.	एनसीआरसी स्तरीय	126	6300	126	6300	126	6300	126	6300
2.	ईजीएस केन्द्र	179	7160	350	14000	350	14000	250	10000
3.	एआईई प्रा0	--	--	100	4000	100	4000	100	4000
	योग	305	13460	576	24300	576	24300	476	20300

यह कोर्स इन बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए इनके घरों के पास तथा इनकी सुविधा के अनुसार समय निर्धारित करके इन्हीं के गांव निवासी अनुदेशक/आचार्य द्वारा संचालित किया जायेगा।

मजदूरी कुछ बच्चे मजदूरी कार्य में लगे होने के कारण विद्यालय नहीं आ पाते। ऐसी समस्या 11 से 14 आयु वर्ग के बीच [illegible] है। इन बच्चों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर [illegible] जिनका समय इनके "कार्य समय" के "बाद" [illegible] जिससे ये बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल [illegible]

क्रम	कोर्स	2003-04		2004-05		2005-06		2006-07	
		संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे
1.	एआईई	2	100	150	6000	150	6000	100	4000
2.	आवासीय ब्रिजकोर्स	3	180	--	--	--	--	--	--
3.	विद्या केन्द्र	--	--	--	--	--	--	--	--

भाई बहनों की देखभाल छोटे भाई बहनों की देखभाल में लगे होने से 17356 बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे बच्चों को विद्यालय लाने हेतु इनके छोटे भाई बहनों की देखभाल के लिए विशेष रूप से, ईसीसीई केन्द्रों की व्यवस्था की गयी है।

क्रम	कोर्स	2003-04		2004-05		2005-06		2006-07	
		संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे
1.	इसीसीई केन्द्र	100	4000	150	6000	150	6000	150	6000
2.	समर कैम्प	30	1200	50	2000	50	2000	50	2000

विद्यालय दूर होना जनपद में 2053 बालक तथा 2125 बालिकाओं कुल 4178 बच्चे विद्यालय दूर होने के कारण विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। इसके लिए ऐसे असेवित क्षेत्रों में जहां मानक के [illegible] विद्यालय खोला जा सकता

है वहां विद्यालय खोले जा रहे हैं तथा अन्य स्थानों पर वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

विद्यालय	वर्ष	खोले जा रहे विद्यालयों की संख्या
प्राथमिक विद्यालय	2003-04	--
उच्च प्राथमिक विद्यालय	2003-04	95

अन्य कारण उक्त के अतिरिक्त गरीबी धार्मिक कारणों तथा रूढीवादिता के कारण भी कुछ बच्चें विद्यालय नहीं आ रहे है। इसके लिए मकतब/मदरसों को सहायता देकर तथा स्कूल चलो अभियान चला कर तथा ग्राम शिक्षा समितियों को प्रशिक्षित कर तथा विद्यालयों को आकर्षक बना कर तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक तथा मिड डे मिल आदि का वितरण कर अभिभावकों को अपने बच्चे विद्यालय भेजने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस प्रकार 413460 बच्चों का नामांकन प्राथमिकता के साथ विद्यालयों में करा लिया जायेगा।

ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम

प्राथमिक शिक्षा में बालक बालिकाओं के नामांकन का लक्ष्य प्राप्त कर लेने के उपरान्त उनका विद्यालय में ठहराव बनाये रखना एक गम्भीर समस्या है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 -11 वय वर्ग में छात्रों का विद्यालय में ठहराव बनाने का सार्थक प्रयास किया गया तथा उसके अच्छे परिणाम भी सामने आये है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6–11 वय वर्ग के साथ ही साथ 11–14 वय वर्ग के छात्रों के ठहराव में वृद्धि करने एवं ड्राप आउट रोकने का प्रयास किया जायेगा।

वर्ष 1995–96 से 2000–01 तक जनपद शाहजहाँपुर में जी0ई0आर0 में वृद्धि तथा ड्राप आउट दर में कमी को सारणी 8.1 से प्रदर्शित किया गया है।

सारिणी 8.1

विगत 6 वर्षों में जी0 ई0 आर0 में वृद्धि तथा ड्राप आउट में कमी

वर्ष	जी0ई0आर0	ड्राप आउट दर
1995–96	81	42
1996–97	85	39
1997–98	87	37
1998–99	90	35
1999–2000	92	32
2000–2001	93	28

स्रोत विभागीय आंकड़े

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम परियोजना प्रारम्भ होने के बाद जी0ई0आर0 में अपेक्षित सुधार हुआ है साथ ही ड्राप आउट दर में निरन्तर कमी आयी है।

जनपद शाहजहाँपुर में विकास खण्डवार जी0ई0आर0 व ड्राप आउट (आसमाप्त) [illegible] सारिणी 8.2 से प्रदर्शित किया गया है :–

सारिणी 8.2

वर्ष 2000–2001 में जी0ई0आर0 तथा ड्राप आउट दर

क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	जी0ई0आर0	ड्राप आउट दर
1.	भावलखेड़ा	96	29
2.	ददरौल	94	31
3.	काँट	94	28
4.	सिंधौली	95	29
5.	पुवायाँ	92	28
6.	बण्डा	90	27
7.	खुटार	88	25
8.	निगोही	91	27
9.	तिलहर	92	27
10.	जैतीपुर	86	29
11.	कटरा–खुदागंज	93	26
12.	जलालाबाद	90	28
13.	मिर्जापुर	94	29
14.	कलान	86	32
	जनपद औसत	93	28

स्रोत विभागीय आँकड़े

उपरोक्त सारिणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि विकास खण्ड कलान, जैतीपुर [illegible] में जी0ई0आर0 दर औसत काफी कम है। इन विकास खण्डों में अध्यापकों की कमी से जी0ई0आर0 का सीधा सम्बन्ध स्पष्ट होता है। वहीं दूसरी ओर विकास खण्ड भावलखेड़ा, ददरौल एवं सिंधौली [illegible] शिक्षकों की पर्याप्त संख्या के बाद भी ड्राप आउट दर [illegible] शिक्षा अभियान में विशेष प्रयास करने पड़ेगें।

सर्व शिक्षा अभियान की योजना निर्माण के उद्देश्य से जनपद में विभिन्न स्तरों पर समूह चर्चायें तथा बैठकें आयोजित की गयी। इन बैठकों में छात्रों के विद्यालय में ठहराव की समस्या प्रमुखता से उभर कर सामने आयी। ठहराव में वृद्धि के लिये कई अच्छे सुझाव भी दिये गये। इन बैठकों एवं समूह चर्चाओं के निष्कर्षों के आधार पर सर्व शिक्षा अभियान में ठहराव में वृद्धि के लिये कारगर प्रयास किये जायेगें। जिसमें मुख्यतया प्रयास निम्नांकित हैं :--

शिक्षकों की कमी को दूर करना :--

वर्तमान में जनपद शाहजहाँपुर में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर अध्यापकों की संख्या चिन्ता जनक है। अध्यापकों की कमी के कारण बालक--बालिकाओं के नामांकन के बाद उनका विद्यालय में ठहराव बढ़ाना कठिन हो रहा है। सर्व शिक्षा अभियान में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर अध्यापकों की कमी को दूर किया जायेगा।

(i) प्राथमिक स्तर पर 1:40 से अध्यापकों की व्यवस्था करना :--

वर्तमान में जनपद शाहजहाँपुर में 1941 परिषदीय विद्यालय है, जिनमें 302090 छात्र नामांकित है। इनके सापेक्ष 2817 शिक्षक कार्यरत है तथा 1567 शिक्षा मित्र स्वीकृत हैं तथा 765 शिक्षा मित्र कार्यरत है। इस प्रकार प्रति विद्यालय मात्र 1:68 शिक्षक का औसत आता है।

डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत जनपद में 765 शिक्षा मित्रों की चयन करके स्थिति में आंशिक सुधार किया गया है। शेष 802 शिक्षा मित्रों की चयन प्रक्रिया चल रही है। सर्व शिक्षा अभियान में प्राथमिक स्तर पर 1:40 का लक्ष्य प्राप्त करने का उद्देश्य है। वर्तमान छात्र नामांकन के अनुसार जनपद 7552 अध्यापकों की आवश्यकता है जबकि मात्र 4384 शिक्षक/शिक्षा मित्र कार्यरत है। इस प्रकार 3168 अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसे 1584 शिक्षा मित्रों तथा 1584 परिषदीय अध्यापकों की नियुक्ति से पूर्ण किया जायेगा। प्राथमिक स्तर पर छात्र नामांकन बढ़ने पर आगामी वर्षों में शिक्षकों की आवश्यकता को सारिणी 8.3 से स्पष्ट किया गया है। इस सारिणी में अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता को 50% शिक्षा मित्रों के चयन तथा शेष 50% परिषदीय अध्यापकों की नियुक्ति के द्वारा पूर्ण किया जायेगा।

सारिणी 8.3

वर्ष	परिषदीय छात्र नामांकन	1 :40 के अनुसार शिक्षकों की आवश्यकता	वर्तमान सृजित पद	अतिरिक्त शिक्षक/शिक्षा मित्रों की आवश्यकता
2001–2002	302000	7552	4284	3268 — [illegible]
2002–2003	317757	7944	7551	[illegible]
